''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 36 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए बुधवार, 05 फरवरी 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## हरियाणा में निकाय चुनाव 2 मार्च को वोटिंग का ऐलान : 8 निगमों में इलेक्शन, 2 मेयर भी चुने जाएंगे



**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**चंडीगढ।** हरियाणा में निकाय चुनाव का ऐलान हो गया है। 2 मार्च को वोटिंग होगी, जबकि 12 मार्च को नतीजे आएंगे। मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी धनपत सिंह ने चंडीगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि आज से आचार संहिता लागू हो गई है।

फरीदाबाद, गुरुग्राम, मानसेर, पानीपत, रोहतक, यमुनानगर, हिसार और करनाल में मेयर और सभी वार्डों के चुनाव होने हैं। इसके अलावा दो उपचुनाव अंबाला और सोनीपत में होने हैं।

निगम में मेयर के लिए 10 हजार व मेंबर के लिए 3 हजार और नगर परिषद में चेयरमैन के लिए 5 हजार व मेंबर के लिए 1500 रुपए सिक्योरिटी रहेगी।

इसी समय से आचार संहिता प्रदेश में लागू हो जाएगी। आचार संहिता वहां लागू होगी, जहां चुनाव होने हैं। इस दौरान कोई भी ट्रांसफर नहीं हो पाएगी। यदि कोई ट्रांसफर जरूरी होगा तो उसके लिए आयोग से परमिशन लेनी होगी।

पानीपत को छोड़कर 11 फरवरी से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। 18 तारीख को स्क्रूटनी होगी। 19 तारीख को नाम वापसी की आखिरी तिथि होगी।

5 फरवरी को सभी जिला उपायुक्त अपने ऑफिस में नोटिफिकेशन लगाएंगे। 11 फरवरी तक नॉमिनेशन शुरू होगा। 17 फरवरी तक जारी रहेगा।

4 नगर परिषद पटौदी, जटोली मंडी, सिरसा और अंबाला सदर में चुनाव होगा। 21 नगर पालिकाएं हैं। यहां प्रेसिडेंट और वार्ड मेंबर के चुनाव होंगे।

सोहना में भी उपचुनाव होना है। यहां सिर्फ प्रेसिडेंट का चुनाव होना है। सफीदो में बार्ड नंबर 14 में उपचुनाव होना है। कुरुक्षेत्र में इस्माइलाबाद में प्रेसिडेंट का उपचुनाव होना है।

### रिजल्ट की घोषणा में 10 दिन का समय क्यों चाहिए : दीपक यादव



पूर्व पार्षद दीपक यादव का कहना है कि नगर निगम चुनावों को लेकर सरकार पहले ही 3 साल से लेट हो चुकी है, ऐसा पहली बार हुआ है की नगर निगम चुनाव 2 तारीख को है और उसका रिजल्ट 12 तारीख को घोषित किया जाएगा। दिल्ली में जो विधानसभा चुनाव आज हो रहे हैं उनका रिजल्ट भी महज 3 दिन बाद यानी 8 फरवरी को ही आ जाएगा तो फिर हरियाणा के नगर निगम चुनाव के रिजल्ट में 10 दिन का समय चुनाव आयोग को किसलिए चाहिए ?

## नगर निगम चुनाव में चुनाव आयोग का नया प्रयोग अव्यवहारिक : विजय प्रताप

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। फरीदाबाद में होने वाले नगर निगम चुनावों को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं बड़खल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे विजय प्रताप सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि फरीदाबाद के इतिहास में पहली बार हो रहा है की नगर निगम चुनाव 2 तारीख को है और उसका परिणाम 12 तारीख को घोषित किया जाएगा! नगर निगम चुनाव आज तक जितनी भी बार हुए हैं उसमें जिस दिन चुनाव होते हैं उसी दिन परिणाम घोषित कर दिया जाता है! इस बार नगर निगम चुनाव 2 तारीख को है लेकिन परिणाम 12 तारीख को घोषित किया जाए समझ से परे है की 10 दिन का समय चुनाव आयोग को किसलिए चाहिए! हम इस फैसले का विरोध करते हैं और नई परीपाटी शुरू हुई है इसको खत्म किया जाना चाहिए! नगर निगम चावन को लेकर सरकार पहले ही 3 साल लेट हो चुकी है और अब चुनाव करवाने को लेकर सरकार ने जो नीति बनाई है उसे पर कहीं ना कहीं सवाल खड़े होते हैं! सरकार के सारे पर काम करने वाले



चुनाव आयोग को जो नगर निगम चुनाव को लेकर जो स्थानीय निकाय चुनाव के लिए प्रक्रिया है, उसको अपनाना चाहिए और जिस दिन चुनाव हो उसे दिन रिजल्ट घोषित करना चाहिए! यह हमारी समस्या पर है कि चुनाव आयोग ने किस में आकर यह घोषणा की है की 2 तारीख को चुनाव और 12 तारीख को परिणाम, जबकि आज तक जितने भी स्थानीय निकाय के चुनाव हुए हैं जिस दिन चुनाव होता है, उसी दिन परिणाम घोषित कर दिए जाते हैं! हम चुनाव आयोग के इस निर्णय का विरोध करते हैं और कहना कहीं ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार के प्रभाव में आकर यह निर्णय लिया गया है!

## मुख्यमंत्री ने महाकुंभ के लिए मीडियाकर्मियों की बसों को झंडी दिखाकर किया रवाना

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज यहां महाकुंभ प्रयागराज के लिए मीडियाकर्मियों की 2 बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया और उनकी सुरक्षित यात्रा की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा जनता की सुविधा के लिए महाकुंभ प्रयागराज के लिए विशेष बसें चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से श्रद्धालुओं को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के जरिए देश के महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों के दर्शन कराए जाते हैं। महाकुंभ मेले के दर्शन व पवित्र स्नान में शामिल होने के लिए वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा हेतु राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का विस्तार करते हुए महाकुंभ को इस योजना में शामिल किया है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर महाकुंभ के लिए पहले जत्थे को रवाना किया था। इस योजना के तहत प्रदेशभर से अब तक बड़ी संख्या में यात्री अयोध्या सहित अन्य तीर्थ स्थलों का भ्रमण कर चुके हैं।




उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार की ओर से 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को मुफ्त तीर्थ यात्रा करवाई जाती है जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये से कम होती है। श्रद्धालुओं को मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के सरल पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। हरियाणा सरकार का उद्देश्य है कि गरीब परिवारों को भी देवस्थानों के दर्शन का लाभ मिले, इससे पवित्र कार्य कोई नहीं है। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा, सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द शर्मा और सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक श्री के मकरंद पांडुरंग और मीडिया सचिव प्रवीण आत्रेय भी उपस्थित थे।

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के अनुमोदन पर

## भाजपा नेता अमन गोयल ने तीन एम-25 सड़क निर्माण का किया शिलान्यास

### वार्ड 28 के 6.48 करोड़ के विकास कार्यों का विवरण प्रस्तुत

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के नेतृत्व में फरीदाबाद में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ एवं शिलान्यास निरंतर जारी है। इसी क्रम में, मंत्री विपुल गोयल की स्वीकृति के तहत भाजपा नेता अमन गोयल ने ओल्ड फरीदाबाद वार्ड 28 में खेड़ी रोड के निकट भारत कॉलोनी, कमल सारौत वाली गली एवं पिंटू वाली गली में 26.59 लाख की लागत से तीन एम-25 सड़कों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने वार्ड 28 में 6.48 करोड़ की लागत से संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने नॉन-स्टॉप हरियाणा, नॉन-स्टॉप फरीदाबाद के भाजपा के संकल्प को दोहराया।



अमन गोयल ने बताया कि 1.66 करोड़ की लागत से डेयरी योजना कॉलोनी में इंटरलॉकिंग टाइल्स से सड़कों के निर्माण का कार्य जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा। इसी प्रकार, श्रीराम कॉलोनी में विभिन्न सड़कों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स, सीवर लाइन और पानी की पाइपलाइन का कार्य प्रगति पर है। हरि नगर में 30 लाख की लागत से सीवर लाइन एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स से सुसज्जित मार्गों का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है।

इसके अलावा, न्यू भारत कॉलोनी में 53 लाख की लागत से जल एवं सीवर लाइन तथा इंटरलॉकिंग टाइल्स वाली सड़कों का कार्य मार्च तक पूरा होने की घोषणा की गई। खेड़ी रोड के निकट विभिन्न गलियों में 27 लाख की लागत से विकास कार्य संपन्न हुआ है, जबकि भारत कॉलोनी में 45 लाख की सरकारी निधि से पी/एल एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य किया जाएगा। बताशा कॉलोनी में भी 49.5 लाख के निवेश से इंटरलॉकिंग टाइल्स युक्त सड़क का निर्माण पूरा होने के अंतिम चरण में है।

इसी प्रकार, 45 फीट रोड, हरि नगर पार्ट-1 में RMC एम-30 और इंटरलॉकिंग एम-40 के कार्य हेतु 41 करोड़ का निवेश किया गया है। इसी तरह, जीवन नगर और वजीरपुर में भी 71.34 लाख की लागत से विकास कार्य हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त, डेयरी स्कीम और 45 फीट रोड पर हाइड्रोलिक रोटरी ड्रिलिंग तकनीक से 2 ट्यूबवेल बोरिंग का कार्य सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

फरीदाबाद में विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए उत्कृष्ट फरीदाबाद के लक्ष्य के तहत हरियाणा सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय, नागरिक उड्डयन मंत्री एवं फरीदाबाद विधायक विपुल गोयल ने विभिन्न अवसरों पर कई विकास कार्यों की घोषणा, शिलान्यास एवं उद्घाटन किए हैं। इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए वार्ड 28 में चल रहे सफल विकास कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जिससे विकास-केंद्रित, सुशासन और पारदर्शी शासन का उदाहरण पेश किया जा सके।

## हरियाणा में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश ने सर्वांगीण विकास के मामले में लगाई ऊँची छलांग : मुख्यमंत्री

**दिल्ली के लोगों में आम आदमी पार्टी की सरकार के प्रति भारी रोष**

**हरियाणा में भ्रष्टाचार से कोई समझौता नहीं, भ्रष्टाचारियों के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्रवाई- मुख्यमंत्री**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद प्रदेश ने सर्वांगीण विकास के मामले में ऊँची छलांग लगाई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले और 2014 के बाद राज्य के हर कोने में बुनियादी ढांचे से लेकर कल्याणकारी कार्यक्रमों में बहुत बड़ा बदलाव दिखाई दे रहा है और आमजन इन बदलावों को प्रत्यक्ष रूप से महसूस भी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री आज यहां मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा, सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द शर्मा और सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक श्री के मकरंद पांडुरंग भी उपस्थित थे। शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव की घोषणा के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी निकाय चुनाव को लेकर पूर्ण तैयारी है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार आयुष्मान कार्ड योजना के तहत सभी निजी अस्पतालों को इलाज का पैसा लगातार रिफंड कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की डबल इंजन की सरकार द्वारा गरीब और जरूरतमंद लोगों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज का लाभ प्रदान किया जा रहा है। हरियाणा में इस योजना के तहत अब तक लगभग 20 लाख लोग लाभानवित हो चुके हैं।

**दिल्ली के लोगों में आम आदमी पार्टी की सरकार के प्रति भारी रोष**

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली चुनाव प्रचार के दौरान वहां के लोगों ने बताया कि वे आयुष्मान कार्ड योजना के लाभ से वंचित रहे हैं। दिल्ली सरकार ने मोहल्ला क्लीनिक में ही जरूरतमंद लोगों को उलझा दिया जिसमें सिर्फ फर्स्ट एड की सुविधा ही मिलती है। स्वास्थ्य जरूरत के समय अस्पताल में एडमिट होने पर दिल्ली में आयुष्मान योजना के तहत कोई लाभ नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री अरविन्द केजरीवाल ने 10 सालों में दिल्ली के लोगों को सिर्फ लॉलीपॉप देने का काम किया। दिल्ली के लोगों में वर्तमान आम आदमी पार्टी की सरकार के प्रति भारी रोष है और वह 5 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस रोष को निकालने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा भी की है कि आयुष्मान कार्ड योजना के तहत दिल्ली में जरूरतमंद गरीब लोगों को 10 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की जाएगी।

**हरियाणा में भ्रष्टाचार से कोई समझौता नहीं, भ्रष्टाचारियों के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्रवाई**

हरियाणा पुलिस द्वारा गैंगस्टरों पर निरंतर प्रहार को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार का दायित्व लोगों को सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि जो गलत करेगा उसे उसका अंजाम भुगतना होगा। जो भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होंगे उनके खिलाफ पुलिस द्वारा कठोर कार्रवाई अमल में ले जाएगी। भ्रष्टाचार को लेकर पूछे गए एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में भ्रष्टाचार से कोई समझौता नहीं है और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**जब नीयत साफ हो, तो नतीजे भी प्रभावशाली होते हैं- सीएम**

मुख्यमंत्री ने केंद्र की तीसरी टर्म की सरकार के वर्ष 2025-26 बजट को विकसित भारत की मजबूत बुनियाद बताते हुए कहा कि ये बजट प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को मजबूती देने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार चाहे कितना ही अच्छा काम कर ले लेकिन आलोचना करना विपक्ष की मजबूरी है। उन्हें अपनी राजनीति को जिंदा रखना है लेकिन विपक्ष का विरोध एक हद तक ही होना चाहिए जिससे कि समाज को नुकसान न हो।

## साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की तत्काल सूचना देने के लिए डायल करें 1930 : अजय कुमार

**समाचार गेट/संजय शर्मा**



गुरुग्राम। डीसी अजय कुमार ने सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को ध्यान में रखते जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि वे ऐसे मामलों की तत्काल सूचना देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क सकते हैं। डीसी ने कहा कि पिछले कुछ सालों से लोगों में ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते क्रेज के कारण अक्सर लोग सोशल मीडिया पर बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या फिर इनामी विज्ञापनों के झांसे में आ जाते हैं। ऐसे में पहले यह सुनिश्चित कर लें कि इस्तेमाल की जा रही वेबसाइट सुरक्षित है या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर संभव है तो कोशिश करें कि ऑनलाइन साइट्स से सामान मंगवाते समय कैश ऑन डिलीवरी का ऑप्शन चुने ताकि आपकी बैंक और कार्ड डिटेल साइबर अपराधियों के हाथ न लग सके। उन्होंने कहा कि पीड़ित व्यक्ति साइबर क्राइम की वेबसाइट http://www.cybercrime.gov.in पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।

## फरीदाबाद सरपंच एसोसिएशन ने दी मंत्री कृष्णपाल गुर्जर को जन्मदिन की बधाई



**समाचार गेट/ब्यूरो**

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर को जन्मदिन की बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं देने पहुंचे सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सूरजपाल भूरा इस अवसर पर उनके साथ पंच एंव सरपंचों ने भी दी मंत्री कृष्णपाल गुर्जर को जन्मदिन की बधाई।

मौके पर विक्रम सरपंच, वेद सरपंच, रतनपाल सरपंच, गिरधारीलाल सरपंच, धर्म सिंह सरपंच, गजेन्द्र सरपंच, सुरेन्द्र सरपंच, रविंदर सरपंच, कृष्ण सरपंच, सुरेश सरपंच, अवतार सरपंच, प्रमोद सरपंच, रमेश सरपंच, हरपाल सरपंच आदि के साथ अन्य भी सरपंच उपस्थित रहे।

## 38वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला के मद्देनजर लागू की धारा 163 : जिलाधीश

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने 38वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला-2025 के दौरान 07 फरवरी से 23 फरवरी तक मेला परिसर में अप्रिय घटना से निपटने व कानून व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला-2025 स्थलों को अस्थायी क्षेत्र घोषित किया गया है। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि लोग मेले के दौरान किसी भी प्रकार के हथियारों के साथ न आएं इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा लेकिन यदि कोई मेले के सुचारू संचालन में बाधा, गड़बड़ी या हस्तक्षेप पैदा करने का प्रयास करता है अथवा इसके अलावा, तेजी से विकसित हो रही तकनीक के इस युग में, ड्रोन जैसे मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) मेले में प्रयोग करता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

### प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

# योगी और भूटान नरेश ने संगम में डुबकी लगाई

## गंगा पूजन के बाद अक्षयवट का दर्शन किया, अब तक 37 करोड़ ने स्नान किया







**लखनऊ।** सीएम योगी और भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने संगम में डुबकी लगाई है। गंगा पूजन और आरती की। इसके बाद अक्षयवट धाम और लेटे हनुमान में दर्शन-पूजन किया। योगी और भूटान नरेश के साथ लखनऊ से विमान से बमरौली एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से सड़क मार्ग से महाकुंभ आए। अरैल घाट से बोट में सवार होकर संगम गए और स्नान किया। इस दौरान भूटान नरेश ने योगी के साथ पक्षियों को दाना खिलाया और फोटो भी खिंचवाई। योगी के दौरे को देखते हुए लेटे हनुमान मंदिर और अक्षयवट श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिया गया है। शाम 4 बजे के बाद खोला जाएगा। 5 फरवरी को पीएम मोदी महाकुंभ आ रहे हैं, ऐसे में योगी हेलीपैड से लेकर अरैल घाट और संगम नोज तक की व्यवस्था को भी देखेंगे। महाकुंभ का आज 23वां दिन है। सरकार के मुताबिक, अब तक 37.54 करोड़ लोग डुबकी लगा चुके हैं। 4 बजे तक 66.70 लाख श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। कल यानी वसंत पंचमी पर 2.33 करोड़ लोगों ने स्नान किया। इधर, 29 जनवरी को हुई भगदड़ से संबंधित अफवाह फैलाने के आरोप में प्रयागराज पुलिस ने 8 लोगों पर केस दर्ज किया गया। इन्होंने अपने एक्स अकाउंट और इंस्टाग्राम आईडी से वीडियो-फोटो अपलोड किए थे। कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर आज राज्यपाल को डीएम के माध्यम से महानगर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज के अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन के नेतृत्व में एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें 29 जनवरी 2025 को मौनी अमावस्या के दिन हुई भगदड़ में अनगिनत श्रद्धालु मारे गए और कई घायल हो गए , लेकिन सरकार अभी तक मृत एवं घायल श्रद्धालुओं की सूची जारी नहीं की है जो बहुत ही दुखद है। महानगर अध्यक्ष प्रयागराज प्रदीप मिश्र अंशुमन ने कहा कि मौनी अमावस्या के दिन जो अव्यवस्था के कारण भगदड़ हुई, उसमें सरकार तथा मेला प्रशासन का पूर्णत जिम्मेदार है, क्योंकि ये सारे लोग वीवीआईपी को खुश करने के लिए कार्य कर रहे थे आम श्रद्धालुओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया उनको मरने के लिए छोड़ दिया गया। श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष समिति के सदस्य दिनेश फलहारी ने खून से पत्र लिखा है। उन्होंने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर अफवाह फैलाने का आरोप लगाया है। महाकुंभ में शव बहाए जाने के सांसद जया बच्चन के बयान पर अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्रपुरी की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने एमपी जया बच्चन के डिप्रेशन में होने की बात कही है। महंत रविंद्रपुरी ने कहा- महानायक अमिताभ बच्चन सच्चे हिंदू है। संत उन्हें सनातनी मानते है। सांसद जया बच्चन को सनातन विरोधी बयान से बचना चाहिए। भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और सीएम योगी ने प्रयागराज में महाकुंभ मेले में डिजिटल महाकुंभ अनुभव केंद्र का दौरा किया। इस दौरान सीएम और भूटान नरेश ने नाव चलाई। महाकुंभ के प्रमुख स्नान पर्व बीतने के बाद भी संगमनगरी में आस्था की डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही लगातार बनी हुई है। सिविल लाइन हनुमानमंदिर चौराहा से गुजरते रहे लोग। भूटान नरेश और सीएम योगी अरैल घाट से बोट में सवार होकर संगम जा रहे हैं। मंत्री नंदी भी साथ में हैं। इस दौरान सीएम योगी और भूटान नरेश ने पक्षियों को दाना खिलाया। दोनों नेता संगम में डुबकी लगाएंगे। सीएम योगी और भूटान नरेश संगम में डुबकी लगाएंगे। इसके बाद अक्षयवट और हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। इसके बाद हनुमान मंदिर के पास ही स्थित डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र को देखेंगे। वहां से अरैल स्थित त्रिवेणी शंकुल जाएंगे। सीएम योगी और भूटान नरेश के दौरे को देखते हुए सुरक्षा बढ़ाई गई है। वाहनों का रोका जा रहा है। पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स भीड़ को नियंत्रित करने में जुटी है। सपा सांसद राम गोपाल यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के कल महाकुंभ में जाने की खबरों पर कहा- 1954 में जब बहुत बड़ी भगदड़ मची थी, तो जवाहर लाल नेहरू ने सदन में पहले ही दिन कहा था कि 400 लोग मारे गए हैं। 2000 लोग घायल हैं। उन्होंने अपना बयान दिया था, उसके बाद सरकार ने कहा था कि कोई भी VIP न जाए, जिससे लोगों को असुविधा हो, लेकिन हमारे मुख्यमंत्री वहां रोज रहते हैं। यह प्रधानमंत्री को सोचना है कि उन्हें जाना चाहिए या नहीं और अगर वे जाते हैं तो उन्हें उन लोगों से भी मिलना चाहिए, जिनके लोग खो गए हैं और जो उन्हें खोज रहे हैं। सीएम और भूटान नरेश के कार्यक्रम को देखते हुए हनुमान मंदिर और अक्षय वट को आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया है। महाकुंभ मेले में चर्चा में आई माला बेचने वाली लड़की मोनालिसा की फोटो प्रिंट वाली टीशर्ट बिक रही है। सीएम योगी करीब 10 बजे प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे। सीएम यहां 7 घंटे रहेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। शाम 5 बजे प्रयागराज से लखनऊ के लिए रवाना होंगे।

## टीचर्स सेल्फ केयर टीम में संजय बने प्रवक्ता, वाहिद अली आईटी सेल प्रभारी



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** नगर स्थित एक होटल में शिक्षकों की सहायता एवं तकनीकी सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी), ब्लाक इकाई का गठन किया गया। जिसमें कसया विकास खण्ड में दीपेश कुमार सिंह को संयोजक, संजय कुमार यादव को प्रवक्ता एवं वाहिद अली को आईटी सेल प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनके अतिरिक्त धर्मेंद्र कुमार सिंह, हरीन्द्र कुमार चौरसिया, अरुण कुमार वर्मा, शैलेश कुमार, दुर्गेश यादव, रश्मि जायसवाल, धनंजय मणि त्रिपाठी, रवीन्द्र कुमार टेगौर, शिवेंद्र प्रताप नारायण सिंह एवं अनामिका शाही को सह-संयोजक के रूप में मनोनीत किया गया है। चुनाव अधिकारी प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि टीएससीटी शिक्षकों द्वारा शिक्षकों के लिए संचालित एक स्वैच्छिक समूह है, जिसका उद्देश्य शिक्षकों के असामयिक निधन की स्थिति में उनके परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान करना है। यह टीम शिक्षकों को एकजुट करने एवं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्यरत है। टीएससीटी का लक्ष्य है कि प्रदेश के अधिक से अधिक शिक्षक इससे जुड़ें और किसी भी विधिक सदस्य की असामयिक मृत्यु होने पर उसके परिवार को सहयोग मिले। नवमनोनीत संयोजक दीपेश कुमार सिंह ने कहा कि टीएससीटी शिक्षकों की आर्थिक सुरक्षा के लिए कार्य कर रही है। टीएससीटी में बेसिक, माध्यमिक शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, चतुर्थ श्रेणी कर्मी, क्लर्क, खंड शिक्षा अधिकारी, डायट प्रवक्ता एवं उच्च शिक्षा के शिक्षक-स्टाफ भी जुड़ सकते हैं। इस अवसर पर जिला संयोजक अखिलेश यादव ने मनोनयन पत्र सौंपते हुए दायित्व बोध से अवगत कराया। एवं सभी नए पदाधिकारियों को बधाई दी।

## जीवन दीप सेंट्रल स्कूल में हुआ विद्या की देवी का पूजन



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** बसंत पंचमी के अवसर पर कसया नगर स्थित जीवन दीप सेंट्रल स्कूल में विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन विधि विधान से किया गया। सोमवार को जीवन दीप सेंट्रल स्कूल में शिक्षकों और बच्चों ने विद्यालय के प्रबंधक/प्रधानाचार्य जेपी यादव के साथ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किया और पूजन, आरती किया। प्रधानाचार्य श्री यादव ने कहा कि आस्था के साथ पूरे मनोयोग से पढ़ाई करें तो आप निश्चित लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होंगे। इस अवसर पर शिक्षक गोपाल राय, गणेश सिंह, पंकज कुमार यादव, राम सनेही प्रसाद, टुनटुन प्रजापति, संदीप कुमार, लक्ष्मी तिवारी, संगीता यादव, निशा शाही, सूफिया खातून, किरन सिंह, अंजना पाण्डेय, नीलम पाठक सहित बच्चे मौजूद रहे।

## केश्वर इंटर कालेज में हुआ मां वीणा वादनी माता सरस्वती का पूजन



संवाददाता

**कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नंबर 11 विवेकानंद नगर स्थित केश्वर इंटरमीडिएट कॉलेज बनवारीटोला में बसंत पंचमी के अवसर पर विद्या की देवी मां वीणा वादनी माता सरस्वती का पूजन उत्सव के साथ मनाया गया। विद्यालय में आचार्य गण के निर्देशन में यजमान प्रभारी शिक्षक देवेंद्र प्रताप यादव ने विधि विधान से माता सरस्वती का पूजन किया गया और सामूहिक आरती उतारी गई व बच्चों को रोली लगाकर बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पुरंदर प्रताप यादव ने कहा कि बसंत पंचमी से मौसम में बदलाव हो जाता है और पेड़ पौधों में नई कोपले आती हैं। पेड़ पौधे फूलने, फलने से महकने लगते हैं इसलिए इस ऋतु को ऋतुओं का राजा कहते हैं। आप मन से पढ़ाई करें और लक्ष्य को प्राप्त करें। इस अवसर पर कन्हैया वर्मा, शेषनाथ यादव, अमरजीत यादव, कमलेश भारती, जयसिंह प्रसाद, जगतराज चौहान, सतवीर कुशवाहा, राजन निषाद, अलोक, रागिनी चौहान, मोनिका, नीलू सिंह, शशिमा पटेल, अंबालिका यादव, मुन्नी देवी और बच्चे मौजूद रहे।

## जूनियर हाईस्कूल भठही राजा में मना वार्षिकोत्सव



संवाददाता

**कुशीनगर।** हाटा विकास खण्ड के भठही राजा जूनियर हाईस्कूल में वार्षिकोत्सव में बालिका शिक्षा पर पर प्रकाश डाला गया। आयोजित वार्षिक उत्सव का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया । इस दौरान विभिन्न तरह के विज्ञान से संबंधित माडलों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें छात्राओं ने ग्लोबल वार्मिग, सोलर सिस्टम तथा विद्युत चालित कई माडल प्रदर्शित किए। कक्षा आठ के बच्चों ने फैंसी ड्रैस शो तथा आठ की छात्राओं ने रियर मदर का ड्रामा पेश किये। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जितना लड़के बढ़ रहे है उससे कहीं आगे लड़कियां बढ़ रही है। ऐसे में अभिभावक लड़के लड़की की शिक्षा में भेदभाव न करें। एक लड़की समाज व पूरे परिवार को शिक्षित करने का कार्य करती है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों और बच्चियों को मेडम देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम अध्यक्षता पूर्व मण्डल अध्यक्ष बिनोद गुप्ता, संचालन शिक्षक बिपिन सिंह ने किया। इस मौके पर एमआरपी बिनोद कुमार शर्मा, शिक्षक नेता देवानंद दूबे, ग्राम प्रधान डिम्पल पांडेय, अमित सिंह, प्रवीण राव, सुमित राय, धीरज मिश्रा, रितेश सिंह मौजूद रहे।

## लखनऊ नगर निगम कार्यालय में पार्षदों का हंगामा



**लखनऊ।** नगर निगम में 85 से अधिक पार्षद हंगामा कर रहे हैं। प्रदर्शन में भाजपा, सपा और कांग्रेस के पार्षद शामिल हैं। सभी रैमकी कंपनी को ठेका देने का विरोध कर रहे हैं। विरोध होने पर महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह निगम मुख्यालय से चले गए। हंगामे से पहले सभी पार्षद, महापौर और नगर निगम अधिकारियों साथ बैठक चल रही थी। बैठक महापौर सुषमा खर्कवाल की तरफ से बुलाई गई थी। मौके पर पार्षदों ने रोड लेंथ ओर सर्वे प्रक्रिया पर सवाल उठाया है। पार्षदों का दावा है कि महापौर ने रोड लेंथ का सर्वे कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद बैठक खत्म हुई, लेकिन पार्षदों की बात नहीं सुनने पर हंगामा शुरू हो गया। पार्षदों का आरोप है कि नगर निगम के अधिकारी रैमकी के लिए एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। बैठक में 85 से अधिक पार्षदों ने साइन किया है। सभी ने रैमकी को मनमाने तरीके से टेंडर देने की बात कह रहे हैं। सदन बुलाकर मामले में कार्यवाही की सहमति बनने पर लोग यहां से बाहर निकले। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने कहा- अभी डिसीजन होल्ड रहेगा।

## भव्य कलश यात्रा से हुआ श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** नगर स्थित श्रीरामजानकी मंदिर (मठ) पर अनवरत पंद्रहवें वर्ष बसंत पंचमी के अवसर पर सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। हेतिमपुर स्थित छोटी गंडक नदी से आये अभिमंत्रित जल को मठ से पूजन के बाद कलश में भरकर हजारों की संख्या में श्रद्धालु गाजे बाजे, ढोल नगाड़े के साथ मठ से नगर में निकले।

कलश यात्रा नगर के देवरिया रोड, कुशीनगर रोड, पडरौना रोड, रामकोला रोड, सपहां रोड होते हुए पूरे नगर का भ्रमण कर वापस मठ पहुँची। इस दौरान नगर वासियों ने जगह-जगह श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा व जलपान कराकर स्वागत किया। पूरी यात्रा में जय श्री राम का नारा गूँजता रहा। महंत त्रिभुवन शरण दास व व्यवस्थापक देव नारायण शरण ने बताया कि कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हुए श्रीराम महायज्ञ के अंतर्गत अब 4 फरवरी से लेकर 12 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर में श्रीधाम वृंदावन से आये प्रख्यात कथा वाचक अंकुश महाराज के श्रीमुख से भव्य श्रीराम कथा, अयोध्या से आये कलाकारों द्वारा रात्रि में श्रीरामलीला का मंचन व यज्ञाचार्य रामजी पांडेय की देख रेख में श्रीराम महायज्ञ सम्पन्न होगा।

अयोध्या धाम से आये संतो द्वारा दस दिनों तक अखंड सीता राम नाम संकीर्तन भी चलता रहेगा। 12 फरवरी को विशाल भंडारे के साथ पूणार्हुति होगी।

इस अवसर पर कुशीनगर विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह, नगर पालिका परिषद कुशीनगर अध्यक्ष किरन जायसवाल, मीनू पाठक, परशुराम दास, विष्णु शरण, कृष्ण कुमार, अमिय कुमार, ओम प्रकाश जायसवाल, राजेश मद्देशिया, सुरेश प्रसाद गुप्ता, आद्या पांडेय, सुमित जायसवाल, दिनेश तिवारी, विजय कुमार, राधे यादव, सचिन पाठक, शिवम राय, निशांत सिंह, मणि प्रकाश यादव, विनोद गिरी, अवधेश मिश्र, राज गुप्ता, आदित्य गौड़, पीयूष उपाध्याय, अरुण रावत, अनमोल तिवरी, रंजीत मोहापात्रम, अभिषेक यादव, प्रिंस कुशवाहा, मुकेश दुबे, धनंजय तिवारी, प्रियंका तिवारी, रिद्धिमा, दीपू तिवारी, आलोक श्रीवास्तव, विपिन बिहारी श्रीवास्तव, काशीनाथ सिंह, सीता राम, भीमबली सिंह, विनय राय, चंद्रप्रभा पांडेय, गीता देवी, वंदना पांडेय, बेबी देवी, रीना शर्मा, साक्षी तिवारी, राघवेंद्र नाथ त्रिपाठी, संजय पांडेय, धनंजय यादव, संजय मिश्र, आदित्य मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, अमरचंद हिंदुस्तानी, शैलेष मिश्र, गंगोत्री देवी, सीता देवी, मंटू मद्देशिया, अभिषेक श्रीवास्तव, सोनू यादव, मिथलेश सिंह उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### हमीरपुर की राठ पुलिस ने डकैती की योजना बनाते तीन शातिर अपराधियों को धर दबोचा



संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की राठ पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत चैकिंग के दौरान कोतवाली क्षेत्र के कुर्रा रोड पर तीन युवकों के पास से दो अवैध देशी तमंचे 315 बोर सहित 6 जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक बांस का डंडा, एक लोहे का सब्बल के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के खिलाफ मु०अ०सं० 43/2025 धारा 310 (4) बीएनएस सहित 3/9/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान तीनों अभियुक्तों ने बताया कि वो लूट की वारदात को अंजाम देने के लिये वहाँ से गुजरने वाले राहगीरों के रुपये और सामान लूटने के इरादे से खड़े थे, अभियुक्तों ने ये भी बताया कि राहगीरों को डंडे से मारकर घायल करने के बाद, उनके रुपये और सामान छीनकर आपस में बांट लेते है, साथ ही तीनों युवक वारदात को अंजाम देने के लिये कार का इस्तेमाल कर सून सान जगाहों पर जाकर कार को कुछ दूर खड़ी करने के बाद, आने जाने वाले लोगों के साथ मारपीट कर लूटपाट की घटना को अंजाम देते हैं, साथ ही घरों में पीछे के रास्ते छत से घर में घुसकर चोरी की वारदात को भी अंजाम देते हैं, पकड़े गये तीनों युवकों ने बताया कि पकड़े जाने से पूर्व राठ कस्बे में चोरी की घटी दो वारदातों को इन्हीं तीनों युवकों ने अंजाम दिया था, राठ पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के खिलाफ मु०अ०सं० 43/2025 धारा 310 (4) बीएनएस सहित 3/9/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पकड़े गये अभियुक्तों में 19 वर्षीय ग्राम कुलेन्हडा, मझगवां निवासी हिमांशू राजपूत पुत्र अखिलेख, जबकि ग्राम इटैलिया, जरिया निवासी 30 वर्षीय रोहित कुमार उर्फ भूरा पुत्र रामगोपाल, सहित 20 वर्षीय मझगवां के कुलेन्हडा मझगवां निवासी प्रवीन पुत्र हरि सिंह शामिल हैं, वहीं अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में खासतौर से एस आई विनेश गौतम, एस आई रोहित साहू, एस आई शिवम दत्त, कांस्टेबल अभिषेक राजपूत सहित कांस्टेबल शिवम कुमार शामिल रहे।

### दो ट्रकों की आमने सामने जोरदार भिड़ंत से लगी दोनों ट्रकों में आग

संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के मौदहा कोतवाली इलाके के छिरका गाँव के पास हुआ जबरदस्त सड़क हादसा, तेज रफ्तार दो ट्रकों की आमने सामने जोरदार भिड़ंत होने से दोनों ट्रकों में लगी जबरदस्त आग, हादसे में पुलिस ने एक ट्रक के अन्दर से तीन अधजले शव बरामद किये, जबकि दूसरे ट्रक का ड्राइवर सहित कंडक्टर हुआ जख्मी,जिन्हें इलाज के लिये जिला अस्पताल में एडमिट कराया गया, वहीं फायर सर्विस की गाडियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर बड़ी मुश्किल से काबू पाया, जबकि पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। अभी आग से जले तीनों अधजले शवों की पुख्ता तौर पर कोई पहचान नहीं हो सकी है, कयास लगाया जा रहा है कि शवों में ट्रक ड्राईवर, कंडक्टर सहित सवारी हो सकती है।



### हमीरपुर की मौदहा पुलिस ने चार जुआंरियों को किया गिरफ्तार



संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की मौदहा पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर ग्राम सिजवाही में हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये परछा निवासी मुईनुद्दीन उर्फ जुम्मू पुत्र स्व० कमरूद्दीन, जबकि जुबैर पुत्र तुफैल निवासी मुहल्ला हुसैनिया मौदहा, जबकि आरिफ खान पुत्र मोहम्मद बाकर खान निवासी ग्राम परछा थाना मौदहा,सहित रज्जन यादव पुत्र स्व० रामदास निवासी ग्राम भैस्ता मौदहा को मौके से गिरफ्तार किया। पुलिस ने पकड़े गये जुआंरियों के पास से इक्यावन हजार नौ सौ रुपए के साथ ही ताश के बावन पत्ते सहित जुआंरियों की चार मोटर साइकिलें बरामद करने में बड़ी कामयाबी हासिल की। मौदहा पुलिस ने दावा किया कि पकड़े गये जुआंरियों ने पूंछ तांछ के दौरान बताया कि उनके साथ आठ जुआंरी और भी जुआं खेल रहे थे, जो पुलिस को आता देख मौके से भागने में कामयाब रहे, जबकि भागने वाले जुआंरियों में खासतौर से धर्मेन्द्र उर्फ धीरू पुत्र स्व० राम खिलावन निवासी सिजवाही, मौदहा, जबकि बउवा पुत्र बासुदेव पण्डित निवासी ग्राम सिजनौड़ा मौदहा, जबकि रिजवान पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम गुसियारी मौदहा,जबकि अन्नू पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम गुसियारी मौदहा, जबकि गुड्डू पुत्र इसराइल निवासी ग्राम परछा मौदहा,जबकि बाबू पुत्र वसिया निवासी ग्राम परछा मौदहा,जबकि आफताब पुत्र स्व० कमरूद्दीन निवासी ग्राम परछा मौदहा,सहित बच्चा पुत्र मैना निवासी साजन तालाब मौदहा, शामिल हैं। वहीं पकड़े गये और मौके से फरार हुये सभी बारह जुआंरियों के खिलाफ मौदहा पुलिस ने मु०अ०सं० 39/2025 धारा 3/4 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर चारों जुआंरियों को अदालत में पेश किया गया। जुआंरियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में खासतौर से एस आई राजेश सिंह, एस आई दीपक कुमार, एस आई अभिषेक त्रिवेदी सहित हैड कांस्टेबल संजय कुमार रहे शामिल।

# प्रशासनिक पारदर्शिता और तत्परता ही समाधान शिविर की सफलता का आधार : एडीसी प्रदीप सिंह मलिक

## जिला मुख्यालय के अलावा उपमंडल स्तर पर आयोजित हो रहे समाधान शिविर

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने कहा कि जिले में नागरिकों की समस्याओं को सुनने और उनका त्वरित निदान करने के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित हो रहे शिविर प्रशासन और आमजन के बीच संवाद का एक प्रभावी मंच साबित हो रहे हैं, जहां नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को आयोजित समाधान शिविर में जिला स्तर पर 10 शिकायतें प्राप्त हुई है। समाधान शिविर में गांव के विकास कार्यो व अन्य प्रकार की शिकायत प्राप्त हुई है। जिन पर अतिरिक्त उपायुक्त ने जल्द से जल्द समाधान करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है। अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने समाधान शिविर में आए हुए लोगों की शिकायतों को



ध्यानपूर्वक सुना। हर समस्या को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। एडीसी ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य प्रशासन को आम जनता के करीब लाना और सरकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना है। इस शिविर के माध्यम से जनता को शिकायतों के समाधान के लिए विभागों के चक्कर नहीं काटने पड़ते, बल्कि प्रशासन स्वयं उनके पास पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करता है। एडीसी ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाना और उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करना है। शिविर के महत्व पर चर्चा करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर जनता और प्रशासन के बीच की दूरी को कम करने का अहम प्रयास है। यह न केवल समस्याओं का समाधान करने में मदद करता है, बल्कि पारदर्शिता और भरोसे को भी मजबूत करता है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान तय समय सीमा के भीतर सुनिश्चित करें।

# सीपीआर तकनीकी की जानकारी सभी के लिए लाभकारी

## सड़क पर वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा नियमों की पालना अनिवार्य : विश्राम कुमार मीणा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रैड क्रॉस सोसाइटी नूंह विश्राम कुमार मीणा के कुशल मार्गदर्शन एवं सचिव महेश गुप्ता की देखरेख में जिला रैड क्रॉस सोसाइटी नूंह ने आज बुधवार को सडक़ सुरक्षा-जीवन रक्षा एवम फर्स्ट एड ज्ञान देता है जीवन दान विषयों पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घासेड़ा में जागरूकता प्रशिक्षण कराया गया। इस सेमिनार की अध्यक्षता विद्यालय की प्रिंसिपल सविता कौशिक ने की। जिला रैड क्रॉस सोसाइटी नूंह के जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक ने कार्यशाला के दौरान मोटर वाहन संशोधन विधेयक- 2019 की विस्तृत जानकारी दी। जिनमें मुख्यत: शराब पीकर या किसी भी प्रकार का मादक पदार्थ लेकर वाहन ना चलाने, नाबालिग से वाहन ना चलवाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने,



आपातकाल वाहन को तुरंत रास्ता देने, आपातकाल नम्बरों के बारे जागरूक किया। उन्होंने बताया कि वाहन चलाते समय चालक के साथ बैठी सवारी को भी हेलमेट, सीट बेल्ट का इस्तेमाल करना चाहिए। वाहन चलाते हुए वाहन निर्धारित लेन में लो-हाई बीम का इस्तेमाल करते हुए चलाएं तथा ओवरस्पीड, ओवरलोड वाहन बिलकुल न चलाएं। किसी भी दुर्घटना के दौरान घायल को मौके पर एंबुलेंस पहुंचने या अस्पताल पहुंचने तक उपयुक्त प्राथमिक सहायता, हार्ट अटैक, सिक्का निगलना, आगजनी के दौरान धुआं होने, बिजली का करंट लगने, पानी में डूबने, शरीर से बहुत खून बहने की स्थिति में पीड़ित को ट्रांसपोर्ट करने, हार्ट के कार्य न करने तथा सांस न आने की अवस्था में जीवनदायिनी विधि सी.पी.आर. का प्रयोगात्मक तरीका समझाया। इस सेमिनार के सफल आयोजन में अध्यापिका आबिदा बेगम, रशमी, मंजीत कुमारी, शहनाज, लीला देवी, विनोद कुमार एवं सत्प्रकाश का काफी योगदान रहा।

# तावडू एसडीएम व डीएसपी ने सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पोलिसी के तहत निजी स्कूल संचालकों के साथ बैठक की



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** एसडीएम तावडू संजीव कुमार व डीएसपी देवेन्द्र सिंह द्वारा कार्यालय, खंड शिक्षा अधिकारी, तावडू में सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पोलिसी के तहत निजी स्कूल संचालकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उनको निर्देशित किया गया है कि सुबह व दोपहर, बस चालक का बस चलाने से पूर्व अल्कोमीटर टैस्ट (शराब सेवन चैक) करवाने उपरांत ही बस को चलाए तथा स्कूल बसों को सुरक्षित ढंग से चलाए व स्कूली बच्चो को सुरक्षित ही घर तक पहुंचाए। इस पर निजी स्कूल संचालको द्वारा सही ढंग से चलाने व दिए गये दिशा निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया है। साथ ही सभी स्कूल संचालको को सरकार की हिदायतानुसार सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पोलिसी की पालना करने के लिए भी निर्देशित किया है।

# ग्रामीणों को प्रचार अभियान के माध्यम से दी जा रही सरकार के नॉन-स्टॉप विकास कार्यों की जानकारी



## सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से गांव-गांव पहुंचकर किया जा रहा सरकार की नीतियों व योजनाओं का प्रचार

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला में ग्रामीणों को सरकार की नॉन-स्टॉप विकास योजनाओं व कार्यों की जानकारी देने के लिए सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में प्रचार अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। विभागीय भजन मंडली द्वारा प्रचार अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं व जनकल्याणकारी की जानकारी देने के साथ-साथ सामाजिक बुराईयों के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है।

विभागीय कलाकारों ने मंगलवार को सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक के. एम. पांडुरंग के नेतृत्व व उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में प्रचार अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र को कवर करते हुए ग्रामीणों को हरियाणवी लोक गायन शैली में नॉन स्टॉप हरियाणा सरकार की योजनाएं व उपलब्धियां गिनाते हुए जागरूक किया।

आमजन को सरकार द्वारा क्रियानवित की जा रही योजनाओं व सेवाओं की जानकारी उनके घर द्वार तक पहुंचाना ही सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से चलाए जा रहे प्रचार अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र बजाड़ ने बताया कि विभाग की भजन मंडली मंगलवार को इंडरी खंड के गांव आटा में जाकर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दे रही है। उन्होंने बताया कि लगातार भजन मंडली जिले के विभिन्न गांवों में जाकर लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का गीतों के माध्यम से प्रचार कर रही है। उन्होंने बताया कि लीडर करतार सिंह व सदस्य सुरेश कुमार द्वारा ग्रामीणों को नॉन स्टॉप हरियाणा सरकार की योजनाएं की जानकारी दे रहे है।

# निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लोगों के लिए बेहतर विकल्प : डा. राजेश भाटिया



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर मार्किट नंबर 1 व ब्यापार मंडल फरीदाबाद के प्रधान डा. राजेश भाटिया की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में यथार्थ हॉसपिटल के मार्केटिंग हेड सिद्धार्थ शर्मा, जनरल मैनेजर राजीव शर्मा मुख्य रुप से मौजूद रहे। श्री भाटिया ने सिद्धार्थ शर्मा के साथ बातचीत की और जल्द ही मंदिर में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने को लेकर विचार विमर्श किया। डा. राजेश भाटिया ने बताया कि लोग समय धन के अभाव के चलते अपना इलाज नहीं करवा पाते, इसलिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर ऐसे लोगों के लिए वरदान से कमतर नहीं है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मंदिर में स्वास्थ्य जांच लगाया जाएगा, जहां गरीब व जरूरतमंद लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा सकेंगे। भाटिया ने कहा कि ब्यापार मंडल फरीदाबाद के तत्वाधान में भी बल्लभगढ़, जवाहर कॉलोनी, ओल्ड फरीदाबाद इत्यादि जगहों पर भी कैंपों का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर सिद्धार्थ शर्मा जी ने चर्चा के दौरान बताया कि आजकल युवा लोगों में भी हार्ट अटैक के मामले बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए सभी को पहले से ही हेल्थ चेकअप कराना चाहिए और अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने मेरा दिल अभियान के माध्यम से संदेश दिया कि हम सभी को पहले से ही जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं के प्रति सचेत करना चाहिए। इस मौके पर यथार्थ त्यागी जी (डायरेक्टर) से भी बातचीत हुई, जिसमें उन्होंने आश्वासन दिया कि पूरे व्यापारी मंडल में कभी भी किसी को स्वास्थ्य संबंधी कोई भी समस्या हो, तो यथार्थ अस्पताल हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। इसके साथ ही, 1 अप्रैल को न्यू इंडस्ट्रियल टाउनशिप, बडकल विधानसभा में यथार्थ अस्पताल 400 बेड और अत्याधुनिक सेवाओं के साथ अपनी नई शाखा खोलने जा रहा है। इस अस्पताल के माध्यम से हम व्यापारी मंडल एवं फरीदाबाद के सभी नागरिकों को बेहतरीन और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे। इस बैठक में ओल्ड फरीदाबाद मार्केट के प्रधान नीरज मिगलानी, जवाहर कॉलोनी मार्केट के प्रधान नीरज भाटिया, बल्लभगढ़ से राज कुमार चौधरी, सचिन भाटिया, अमित नरूला, गगन अरोड़ा, प्रेम बब्बर व अन्य शामिल रहे।

# शहर में लग रहे अवैध बाजारों को लेकर जल्द निकालेंगे समाधान : ए मोना श्रीनिवास कमिश्नर नगर निगम

## समाधान शिविर मे आमजन की शिकायतों का तुरंत करे समाधान : निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास

## कल साप्ताहिक बाजारों को लेकर जॉइंट कमिश्नर जितेंद्र गर्ग सुनेंगे बाजार लगाने वालों की कमेटी की बात, उसके निर्णय के बाद निकाला जाएगा समाधान

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** नगर निगम आयुक्त ए मोना श्रीनिवास ने कहा की हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सरकार द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर में शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की शिकायतों को प्राथमिकता से सुनकर उनका निवारण किया जाता है। मौके पर ही शिकायतों को जल्द से जल्द निपटान के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए जाते हैं ताकि प्रार्थी की समस्या को जल्द दूर किया जा सके। निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने फरीदाबाद नगर निगम क्षेत्र में अवैध रूप से लगने वाले सभी अवैध बाजारों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

बता दे कि करीब 15 दिन पहले निगम कमिश्नर ने नगर निगम के सभी जॉइंट कमिश्नर्स को आदेश दिए कि अवैध रूप से बाजार लगाने और उनको लगवाने में मदद करने वालों की पहचान के बाद कार्यवाही के निर्देश दिए थे जिससे बाजार में दुकान लगाने वाले गरीब लोगों की रोजी रोटी पर संकट बन गया था क्योंकि निगम प्रशाशन द्वारा सभी साप्ताहिक बाजार बंद के दिए थे। इसी मामले में समाधान शिविर में आज सैंकड़ों लोग निगम कमिश्नर से मिले और अपना पक्ष रखा। समाधान शिविर में निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास से सेंकडो की संख्या में इकट्ठे होकर बाजार लगाने वाले दुकानदार बोले नियमों को ध्यान में रखकर ही वे बाजार लगाते हैं। उन्होंने शिकायत में कहा कि एक दम्पति बाज़ार वालों से पैसे ना देने पर निगम अधिकारियों को झूठी शिकायत देकर उनके बाजार बंद करा देते हैं। जबकि वे सभी नियमों को ध्यान में रखकर ही बाजार लगाते हैं।

इस मामले में निगम का पक्ष:

निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास का कहना है कि इस मामले में कार्रवाई अमल में लाइ जाएगी, बाजार लगाने वालों की दस



आदमियों की कमेटी कल बुधवार को जॉइंट कमिश्नर जितेंद्र गर्ग से मिलेगी, इनकी समस्या का जल्द समाधान निकाला जाएगा। इस मामले में बाजार लगाने वालो से नाजायज़ रूप से एक दंपति द्वारा पेसे इक्कठे करने की भी शिकायत मिली हे जिसके उपर कार्यवाही की जाएगी,इससे पहले भी कई लोग इस मामले को लेकर उनसे मिले थे। निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने कहा कि समाधान शिविर में शहरवासियों की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जा रहा है। समाधान शिविर में नगर निगम आयुक्त ए मोना श्रीनिवास ने समाधान शिविर में आई शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उन पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द शिकायतों का समाधान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निगम मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में आई शिकायतों में से अधिकांश का मौके पर ही निपटान कर दिया गया बाकी शेष शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निगम आयुक्त ए मोना श्रीनिवास ने समाधान शिविर में आई शिकायतों में से पेंडिंग शिकायतों को भी तुरंत समाधान करने के लिए निर्देश दिए हैं।

समाधान शिविर में नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर गौरव आंतिल, जॉइंट कमिश्नर गजेंद्र सिंह, जॉइंट कमिश्नर जितेंद्र गर्ग, चीफ इंजीनियर बीके कर्दम, एसई ओमवीर सिंह, एक्सईएन पदम भूषण, एक्सईएन नितिन कादियान जड़टीओ सुमन और जड़टीओ पदम ढांडा, जड़टीओ विकास कन्हैया सहित एसडीओ और अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# रोजगार मेले का आयोजन 08 फरवरी को

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** मंडल रोजगार कार्यालय फरीदाबाद तथा आरबी परफेक्ट मार्ट फाउंडेशन फरीदाबाद द्वारा 08 फरवरी को प्रात: 09.00 बजे से सांय 04.00 बजे तक जे.सी.बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए फरीदाबाद के प्रांगण में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी मंडल रोजगार कार्यालय प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि यह रोजगार मेला डीसी विक्रम सिंह की उपस्थिति में लगाया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे साथ ही विशिष्ठ अतिथि के रूप में हरियाणा सरकार में खेल मंत्री, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता मंत्री गौरव गौतम होंगे। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में लगभग 50-60 निजी क्षेत्र की विभिन्न संस्थानों द्वारा भाग लिया जायेगा। इस रोजगार मेले में सभी प्रकार के बेरोजगार प्रार्थियों जैसे मैट्रिक, 12वी, आई०टी०आई० पास/डिप्लोमा/डिग्री होल्डर, सक्षम युवा आदि को निजी संस्थानों में समायोजन हेतू अवसर उपलब्ध करवाने का पूर्ण प्रयास किया जाएगा।

# सूरजकुंड मेला के आसपास सफाई व्यवस्था के लिए अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** 38वाँ सूरजकुंड पर्यटन हस्तशिल्प मेला 2025 हरियाणा पर्यटन विभाग द्वारा सूरजकुंड पर्यटन परिसर में आयोजित किया जा रहा है जिसके मध्य नजर रखते हुए मेला अवधि के समय विशेष /अतिविष्ट अतिथियों का आगमन रहेगा,इसलिए नगर निगम द्वारा सूरजकुंड पर्यटन स्थल मेला परिसर के आसपास में बाहरी क्षेत्र की सफाई व्यवस्था हेतु अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के दिशा निर्देशों पर स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी नगर निगम द्वारा सफाई निरीक्षक बिशन तेवतिया को सफाई विभाग का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# गंदगी फैलाने पर नगर निगम सख्त, जारी है चालान का कार्य, अलग अलग मामलों में किए 98 चालान

**समाचार गेट/संजय शर्मा**



**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद द्वारा अलग-अलग जॉन में सफाई विभाग द्वारा खुले में गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित पॉलीथिन सहित लगभग 98 चालान किए हैं। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के मिशन को पूरा करने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश भर में स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं। निगम द्वारा नियम तोड़ने वाले लोगों पर कार्रवाई भी की जा रही है। सफाई विभाग ने अलग अलग जॉन में अपनी टीम के माध्यम से नगर निगम के एनआईटी 86 बड़खल क्षेत्र में 17 एनआईटी 87 में 26 चालान ,ओल्ड जॉन- 1 में 15 और ओल्ड जॉन 2 में 15 चालान और बल्लभगढ़ जॉन में 25 चालान किए गए हैं, निगम द्वारा गंदगी फैलाने और अन्य कई प्रकार के चालान किए गए हैं। नगर निगम द्वारा आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। इसी दिशा में नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के मार्गदर्शन में फरीदाबाद नगर निगम द्वारा भी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 28वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**पंचकूला।** हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और श्रीमती पंखुडी कुमार जी के नेतृत्व में पंचकूला में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 28 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय पंचकूला में पहुंचे। विद्यालय के प्राचार्य रूप चंद की अध्यक्षता में शिक्षक सतीश के नेतृत्व में 500 छात्र छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया।

ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने नशे के प्रकार, प्रतिबंधित नशे और चेतावनी युक्त नशों पर विस्तार से चर्चा करके बताया कि दोनों प्रकार के नशे मनुष्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं और भीतर तक को खोखला कर देते



हैं तो भी प्रतिबंधित नशे मनुष्य के जीवन के लिए अभिशाप से कम नहीं। यदि ये नशे मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छे होते तो सबसे पहले सरकार इनके लिए लाइसेंस जारी कर देती लेकिन ऐसा नहीं हुआ। डॉ. वर्मा ने बताया कि कोई भी व्यक्ति हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर अथवा [illegible] पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं दे सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गयी।

## संपादकीय

# केजरीवाल और राहुल गांधी की प्रतिष्ठा दांव पर



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

राजधानी दिल्ली में विधानसभा की सभी 70 सीटों पर 5 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। बुधवार, 5 फरवरी को दिल्ली के डेढ़ करोड़ से ज्यादा मतदाता, अपने-अपने वोट के जरिए दिल्ली की अगली सरकार को चुनेंगे। यह फैसला करेंगे कि वह दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री किस राजनीतिक दल से बनाने जा रहा है। दिल्ली के मतदाताओं ने किसे जनादेश दिया है,यह खुलासा तो 8 फरवरी को मतगणना के बाद ही हो पाएगा। लेकिन एक बात बिल्कुल साफ है कि देश की राजधानी दिल्ली से निकले जनादेश की गूंज बहुत दूर तक सुनाई देगी।

कहने को तो, यह भी कहा जा सकता है कि दिल्ली एक पूर्ण राज्य भी नहीं है और केवल 70 विधायकों वाली विधानसभा का असर राष्ट्रीय राजनीति पर भला कैसे पड़ सकता है लेकिन यह तर्क अपने आप में पूरी तरह से गलत और बेमानी है। दिल्ली में वैसे तो मुख्य मुकाबला आम आदमी पार्टी बनाम भारतीय जनता पार्टी का ही माना जा रहा है। लेकिन अपने राजनीतिक अर्सतित्व की लड़ाई लड़ रही कांग्रेस ने कई विधानसभा सीटों पर चुनावी लड़ाई को त्रिकोणीय बना दिया है। इंडिया गठबंधन के बिखरने की आशंका से डरे हुए कांग्रेस आलाकमान ने चुनाव प्रचार अभियान के शुरुआती दौर में थोड़ी हिचक जरूर दिखाई। लेकिन बाद में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से लेकर कांग्रेस के तमाम बड़े नेताओं ने जिस अंदाज में चुनावी रैलियां की, रोड शो किए,उसने दिल्ली की चुनावी लड़ाई को काफी दिलचस्प बना दिया है।

दिल्ली में एक तरफ आम आदमी पार्टी है, जो वर्ष 2013, 2015 और 2020 के बाद अब वर्ष 2025 में लगातार चौथी बार दिल्ली में सरकार बनाने के लिए चुनाव लड़ रही है। यह चुनाव आम आदमी पार्टी से ज्यादा उनके नेता अरविंद केजरीवाल के लिए महत्वपूर्ण हो गया है। क्योंकि दिल्ली की हार अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व पर प्रश्नचिन्ह खड़े कर देगा और पार्टी के अंदर भी कई तरह के सवाल उठने लगेंगे। वहीं, दूसरी तरफ भाजपा है जो देश की राजधानी दिल्ली में 27 साल के अपने वनवास को खत्म करना चाहती है। इससे पहले भाजपा दिल्ली में 1993 में सत्ता में आई थी। वर्ष 1993 में चुनाव जीतकर भाजपा ने मदन लाल खुराना को अपना मुख्यमंत्री बनाया था। जैन हवाला डायरी में नाम आने के कारण, खुराना को इस्तीफा देना पड़ा और साहिब सिंह वर्मा दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। लेकिन चुनाव से कुछ महीने पहले भाजपा आलाकमान ने उन्हें हटाकर सुषमा स्वराज को दिल्ली का मुख्यमंत्री बना दिया। हालांकि वह भी दिल्ली में भाजपा को जीत नहीं दिला पाई और 1998 में कांग्रेस से हार कर पार्टी को सत्ता गंवानी पड़ गई। दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा को पहले कांग्रेस ने लगातार तीन बार हराया और उसके बाद आप भी लगातार 3 चुनाव हरा चुकी है। दिल्ली की चुनावी रेस में तीसरे नंबर की पार्टी माने जाने वाली कांग्रेस इस बार सरकार बनाने से ज्यादा किंग मेकर के रूप में उभरना चाहती है। पिछले दो विधानसभा चुनावों में एक भी सीट नहीं जीत पाने वाली कांग्रेस के लिए दिल्ली का यह चुनाव राजनीतिक अर्सतित्व के लिए महत्वपूर्ण चुनाव माना जा रहा है। अगर केजरीवाल लगातार चौथी बार विधानसभा का चुनाव जीत जाते हैं तो फिर वे राष्ट्रीय नेता के तौर पर देश की राजनीति में स्थापित हो जाएंगे। उनकी मजबूती राष्ट्रीय स्तर पर सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन के साथ ही विपक्षी इंडिया गठबंधन के लिए भी खतरे की घंटी होगी। वहीं अगर कांग्रेस इस चुनाव में किंग मेकर के रूप में उभर कर दिल्ली की सत्ता से आम आदमी पार्टी को बाहर कर देती है तो राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस मजबूत होकर उभरेगी। उसके बाद मजबूरी में आम आदमी पार्टी को दिल्ली सहित कई राज्यों में झुककर कांग्रेस से समझौता करना पड़ेगा। कांग्रेस की मजबूती राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी इंडिया गठबंधन को और ज्यादा मजबूत बनाती हुई नजर आएगी।

## बड़वा के स्काउट्स दीपक का नेशनल गोल्डन जंबूरी में चयन



**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़वा के स्काउटस दीपक और जतिन का नेशनल गोल्डन जंबूरी में चयन खंड शिक्षा अधिकारी डॉ.सुरेंद्र सिंह व विद्यालय प्राचार्या अनीता मलिक के संयुक्त दिशा निर्देशन में हुआ है। खंड शिक्षा अधिकारी ने खंड सिवानी के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर स्काउट मास्टर राजेश कुमार व स्काउट्स दीपक व जतिन को बधाई देते हुए कहा कि नेशनल गोल्डन जंबूरी में किसी स्काउट का चयन होना बहुत ही गर्व की बात है। उन्होंने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में कहा कि खंड के सभी विद्यालयों में स्काउट्स गाइड्स यूनिट की स्थापना की हुई है। सभी स्काउट एवं गाइड्स की सभी गतिविधियों व राज्य व राष्ट्रीय स्तर के कैंपों में बढ़-चढ़कर भाग लें। जिला भिवानी के स्काउट्स संगठन आयुक्त प्राचार्य पवन कुमार शर्मा ने बताया कि भिवानी जिले के लगभग 38 स्काउट एवं गाइड्स सदस्य जंबूरी में भाग ले रहे हैं जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़वा के स्काउट्स दीपक ने फैशन शो,परेड, एरो, निशानेबाजी, कैंप फायर आदि प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व कर बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया है।

## सीएम के निर्देश पर महाकुंभ मेले के लिए नारनौल से हर रोज चलेगी बस



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के लिए रोजाना बस सर्विस की शुरुआत की है! हरियाणा रोडवेज नारनौल डिपो के महा प्रबंधक अनित यादव ने बताया कि नागरिकों की मांग पर प्रदेश सरकार ने यह निर्णय लिया है कि महाकुंभ मेले के अंत तक हरियाणा रोडवेज की एक बस रोज प्रयागराज के लिए रवाना होगी। उन्होंने बताया कि प्रयागराज के लिए 1074 रुपए किराया निर्धारित किया गया है। यहां से प्रयागराज लगभग 789 किलोमीटर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि नारनौल से दोपहर 1:00 बजे हर रोज यह बस रवाना होगी। अगले दिन सुबह 5:30 यह बस प्रयागराज पहुंच जाएगी। इसी प्रकार प्रयागराज से यह बस हर रोज दोपहर बाद 3 बजे चलेगी तथा अगले दिन 7 बजे नारनौल पहुंचेगी। इस बस के रूट की जानकारी देते हुए यादव ने बताया कि यह बस रेवाड़ी, धारूहेड़ा, तावडू, सोहना, पलवल, होडल, कोसी, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, मुरादनगर, अकबरपुर, कानपुर तथा खागा होते हुए प्रयागराज पहुंचेगी।

### नई शिक्षा नीति पर आयोजित कार्यक्रम में बोले केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के निदेशक नरेश सेलपाड़

# प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों में जल्द नियुक्त होंगे संस्कार टीचर

### नए सत्र से होगी नियुक्ति, जल्द होगा विज्ञापन जारी

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के निदेशक नरेश सेलपाड़ ने कहा है कि देश में नई शिक्षा निति के तहत विद्याथियों को शिक्षा के साथ-साथ अपनी सस्कृति एवं गौरव का भी ज्ञान करवाया जाएगा। साथ ही उसे नैतिक संस्कारों के शिक्षा भी प्रदान की जाएगी। इसके लिए बकायदा प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों में संस्कार अध्यापक भी नियुक्त होंगे। वो हिसार में एक नई शिक्षा नीति पर आयोजित एक कार्यशाला में भाग ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस प्रकार की परियोजनाओं के तहत चयनित अध्यापक का कार्य विद्याथियों में जहां संस्कार विकसित करना होगा, वही वो नैतिक शिक्षा के भी ध्वजवाहक का भी कार्य करेंगे। ये अध्यापक स्कूल एजुकेशन और साक्षरता मिशन भारत सरकार के विशेष प्रोजेक्ट के तहत मिनिस्ट्री आफ कल्चर अफेयर भारत सरकार व देश की एक नामी संस्थान के तत्वावधान में सभी प्राइमरी स्कूलों में नियुक्त किए जाएंगे। इसके लिए बकायदा सिलेबस भी तैयार किया जा रहा है। ये अध्यापक अंशकालिक होंगे, और ये हर रोज दो घंटे ही विद्यार्थियों को पढ़ाएंगे।

**ये रहेगी शैक्षणिक योग्यता:**

केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के निदेशक नरेश सेलपाड़ के अनुसार इन पदों के लिए न्यूनतम योग्यता 12 वीं कक्षा पास गई है। साथ ही आवेदक की आयु प्रदेश में नियुक्ति नियमों के अनुरुप 18 से 42 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। हालांकि




एससी, एस.टी. या भूतपूर्व सैनिकों या उनके आश्रितों, स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को इसमें तीन वर्ष की छूट रहेगी। इसके अलावा इसके 33 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे।

**ये रहेगा वेतनमान:**

निदेशक नरेश सेलपाड़ ने बताया कि चयनित प्राइमरी स्कूलों में नियुक्त संस्कार अध्यापकों को महज दो घंटे ही अपनी सेवाएं देनी होगी। जिसके एवज में उन्हें 9240 रुपये के आस-पास वेतनमान दिया जाएगा। यदि एक गांव में एक स्कूल है तो उनकी डयूटी उसी स्कूल में होगी, यदि गांव में दो प्राईमरी स्कूल हैं तो अलग-अलग दिनों या एक-एक घंटा दोनों स्कूलों में सेवाएं देनी होगी। किसी बड़े गांव या कस्बे में दो से अधिक प्राइमरी स्कूल होने पर वहां एक से अधिक अध्यापकों की नियुक्तियां हो सकेगी।

**सात लोगों की बनेगी कमेटी:**

विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति के प्रति रुचि पैदा करने के लिए सात सदस्यों की एक कमेटी भी बनेगी। इस कमेटी से जुड़ने के लिए 12वीं तक शिक्षित होने के अलावा समाजसेवा से जुड़ा होना अनिवार्य मापदंड बनाया गया है। हालांकि इनका कार्य निगरानी एवं सुझाव देने व कार्य विशेष की योजना को अमलीजामा पहनाना होगा। यह कमेटी पहले से स्कूल में कार्यरत एसएमसी कमेटी से अलग होगी। वैसे एसएमसी कमेटी के सदस्य भी इससे जुड़ सकते हैं, मगर उनकी शिक्षा से संबंधित मांपदंड पूरे करने होंगे, जबकि एसएमसी कमेटी में ऐसा कोई नियम नहीं था।

हर माता-पिता की इच्छा होती है अपनी संतानों को अच्छी शिक्षा दिलाएं, पढ़ा-लिखाकर उन्हें बड़ा बनाएं, लेकिन सिर्फ किताबी ज्ञान या सामान्य शिक्षा किसी को बड़ा नहीं बना सकती। सफलता के शीर्ष को छूना हो तो शिक्षा के साथ बच्चों को संस्कार देना भी जरूरी हैं। परंतु यह भी तय है कि जब तक संस्कार ज्ञान के साथ नहीं गूंथ दिए जाते, बच्चा सफल होना तो दूर, कामयाबी की दौड़ में शामिल हो पाने के लायक भी नहीं बन सकता।

**निदेशक, नरेश सेलपाड़**

# कनीना नपा चुनाव के दृष्टिगत प्रमुख पद के लिए महिलाएं उतरी चुनाव मैदान में

### दर्जनभर महिलाओं की ओर से जताई जा रही उम्मीद्वारी

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राज्य चुनाव आयोग धनपत सिंह की ओर प्रदेश में लंबित चले आ रहे स्थानीय निकाय चुनाव की तिथि घोषित कर दी गई है। जिसके मुताबिक कनीना में आगामी 2 मार्च को नगरपालिका चुनाव के लिए सुबह 8 बजे से सांय छह बजे मतदान होगा। मंगलवार को घोषणा होने के बाद चुनावी बिसात बिछने लगी है। नपा चुनाव के लिए 11 फरवरी से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होगी जो 17 फरवरी तक चलेगी। 18 को जांच की जाएगी ओर 19 को नाम वापसी लिए जा सकेगें। 12 मार्च को मतगणना होगी।

नगरपालिका कनीना के चुनाव को लेकर प्रमुख पद, चेयरमैन के लिए महिला उम्मीद्वारों की ओर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। बता दें कि कनीना में नपा प्रधान का पद सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित



किया गया है। जिसके दृष्टिगत कनीना के चंहुमुखी विकास को लेकर एजेंडा तैयार किया जा रहा है। चेयरमैन पद की दौड में शामिल महिला प्रत्याशियों की ओर से जगह-जगह होर्डिंग बोर्ड भी लगा दिए गए हैं। बीती 26 दिसंबर को डीएमसी कार्यालय रेवाडी में कनाना नपा के 14 वार्डों के आरक्षण का कार्य पूरा किया जबकि निदेशक शहरी स्थानीय निकाय कार्यालय चंडीगढ में चेयरमैन पद के आरक्षण का डा किया गया था। चेयरमैन पद की दौड में सरिता जसवंत सिंह, पूर्व नगर पार्षद अरूणा कौशिक, सुमन चैधरी, सविता देवी, रिंपी यादव सहित दर्जनभर महिला उम्मीद्वार शामिल हैं। इसके अलावा वार्ड नम्बर एक को बीसी-बी व वार्ड 4 को बीसी-ए वर्ग की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। इसी प्रकार वार्ड 6 को एससी सामान्य व 8 को एससी महिला के लिए आरक्षित किया गया है। वार्ड 7 व 12 को सामान्य वर्ग की महिला के लिए रिर्जव किया गया है। वार्ड 2, 3 5, 9, 10, 11, 13, 14 को अनारक्षित घोषित किया है। इन वार्डों में संभावित प्रत्याशी अपनी तैयारी कर रहे हैं।

**कनीना में 10413 मतदाता करेगें प्रधान पद का फैसला**

कनीना नगर पालिका चुनाव के लिए 6 जनवरी को अंतिम तिथि मानकर मतदाता सूचि तैयार की गई जिसके मुताबिक 14 वार्डों में कुल 10413 मतदाता शामिल हैं जो चेयरमैन सहित वार्ड पार्षदों का चयन करेगें। वार्ड नम्बर एक में सबसे कम 648 मतदाता है वहीं वार्ड 2 में सबसे अधिक मतदाता 877 हैं। वार्ड एक में 648, दो में 877, तीन में 869, चार में 658,पांच में 794, छह में 687, सात में 797, आठ में 798, नो में 727, दस में 664,ग्यारह में 663, बारह में 813, तेरह में 770 तथा चैदह में 649 मतदाता शामिल हैं। नगरपालिका प्रशासक एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने कहा कि नपा के शांतिपूर्वक चुनाव करवाने के लिए प्रशासन तैयार है। आदर्श चुनाव आचार संहित का पालन करते हुए चुनाव की प्रक्रिया को पूरा किया जायेगा।

## कनीना के लालगिरी आश्रम में विशाल स्वास्थ जांच शिविर व रक्तदान शिवर का आयोजन 9 को

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** रविवार 9 फरवरी को कनीना के लालगिरी आश्रम में विशाल चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी पूर्व पार्षद मोहन सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में हृद्य रोग, मर्सतिस्क रोग, ईएनटी सहित बीपी-शूगर की जांच की जाएगी। बाबा लालगिरी सोसायटी की ओर से सुबह 10 से दो बजे तक आयोजित इस शिवर की तैयारियां जारी है जिसमें विशेषज्ञ मरीजों की जांच कर दवा वितरित करेगें ओर विभिन्न बिमारियों से बचाव के लिए परामर्श भी देगें। उन्होंने बताया कि इस दौरान रक्तदान शिवर का भी आयोजन किया जायेगा जिसमें स्वास्थ विभाग एवं जिला रैडक्रॉस सोसायटी के अधिकारी एवं कर्मचारी रक्त एकत्रित करेगें।

## मार्ग निर्माण में बरती जा रही मनमानी को लेकर बव्वा के ग्रामीणों ने की मुख्यमंत्री से की शिकायत

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना के समीपवर्ती गांव बव्वा में सिहोर रोड से गाहडा रोड तक फिरनी मार्ग को मनमर्जी मुताबिक पक्का करने को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इस बारे में गांव के पूर्व सरपंच ईश्वर सिंह, ग्रामीण राजेंद्र सिंह, राजीव यादव, मनीष कुमार, बीना यादव, कृष्ण कुमार, सुरेश कुमार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित एसडीएम, एसडीओ पंचायती राज, एक्सईएन पंचायती राज को पत्र भेजा है। भेजे गए पत्र में उन्होंने कहा कि यह मार्ग पंचायती राज विभाग के अधिकारियों की ओर से बनाया जाना प्रस्तावित है। कार्य कर रहे ठेकेदार की ओर से हठधर्मिता दिखाई जा रही है। उन्होंने कहा कि ओवरफ्लो होने पर इस मार्ग पर नहरी पानी के अलावा बरसात एवं निकासी का पानी जमा हो जाता है। जिससे महिलाएं, विद्यार्थी तथा ग्रामीण परेशान हो जाते हैं। इस परेशानी से बचने के लिए ग्रामीण मार्ग को लेवल उठाकर बनाने की मांग कर रहे हैं। इस बारे में पंचायती राज विभग के एक्सईएन नरेंद्र गुलिया ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत मिलने पर उन्होंने एसडीओ पंचायती राज विकास कुमार को मौके पर जाकर समाधन करने को कहा गया है।

## बूंदाबांदी से ठंड बढी, रबि फसल को हुआ फायदा



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना क्षेत्र में मंगलवार को बादलवाई के बीच सुबह हुई बूंदाबांदी से ठंड बढी हैं वहीं रबि फसलों को फायदा हआ है। बता दें कि कनीना ब्लाक में करीब 32 हजार हैक्टेयर कृषि योग्य भूमि है जिसमें से मुख्यत: 19500 हैक्टेयर भूमि पर सरसों तथा 9500 हैक्टेयर रक्बे में गेहूं फसल की बिजाई की गई है। लगातार तापमान बढने से सरसों में मरोडिया रोग पनपने की संभावना बनती जा रही थी लेकिन मौसम के करवट लेने के बाद फसलों को फायदा हुआ है। कृषि विभाग के एसडीओ डॉ अजय कुमार ने बताया कि दो दिन तक मौसम बूंदाबांदी वाला रह सकता है। जिससे तापमान में गिरावट रहेगी। मौसम ठंडा रहने से रबि फसल में लाभ होगा।

# फॉलोअप: बागोत मोहित सुसाइड केस में आज बुधवार को हाईकोर्ट में होगी सुनवाई

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सब डिवीजन के गांव बागोत निवासी मोहित सुसाइड केस में हरियाणा ह्यूमन राईट कमीशन चंडीगढ ने पडतल के सरपंच रोशन लाला द्वारा दाखिल की गई जनहित अर्जी को मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के बाद खारिज कर दिया है। इस अर्जी पर सोमवार 3 फरवरी को सुनवाई हुई थी। जिस पर कनीना के तहसीलदार एवं डीएसपी की ओर से जवाबदावा दाखिल किया गया था। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कमीशन ने अर्जी खारिज करने के आदेश दिए। अब आज बुधवार को इस मामले की सुनवाई पंजाब एंड हरियाणा हाइकोर्ट में होगी। जिसके लिए वादी एवं उसके अधिवक्ता चंडीगढ कूच कर गए है। प्रशासन की ओर से भी अधिकारी अपना पक्ष रखेगें।

**हरियाणा ह्यूमन राइट कमीशन ने जनहित अर्जी को किया खारिज**

**54 दिन से मोर्चरी में रखे शव का कोर्ट के आदेश के बाद हो सकता है दाह संस्कार**

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस महानिदेशक चंडीगढ की ओर से एसआईटी का गठन किया गया है। जिसमें पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में डीएसपी, इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर सहित तीन अधिकारियों को शामिल किया गया है। गठित की गई एसआईटी के सामने पेश होकर कैलाशचंद मामले से जुडे सबूतों तथा गवाहों की सूचि उपलब्ध करवा सकता है। उच्च न्यायालय पंजाब एवं हरियाणा में दाखिल सीआरएम-एम 2017-2025 एवं डीडीआर नम्बर 16 दिनांक 14 दिसंबर 2024, बीएनएस की धारा 194 के संदर्भ में वादी कैलाशचंद को जांच में शामिल होने को लेकर नोटिस जारी किए जा चुके हैं। इधर मृतक युवक मोहित का शव पिछले 54 दिन से उप नागरिक अस्पताल कनीना के फ्रीजर में रखा हुआ है। वादी एंव प्रतिवादी पक्ष को हाईकोर्ट के आदेश का पल-पल का इंतजार बना हुआ है। कोर्ट के आदेश के मुताबिक आगामी कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

कैलाशचंद ने इस बारे में बीती 14 जनवरी को पंजाब एंव हरियाणा हाईकोर्ट में अर्जी डाली थी। जिस पर 16 जनवरी को सुनवाई करते हुए न्यायधीश हरप्रीत सिह बरार ने कैलाशचंद को फांसी लगाकर मरे युवक मोहित, 26 वर्ष का 3 दिन में अंतिम संस्कार करने, अर्जी में लगाए गए आरोपों की जांच आईपीएस अधिकारी से करवाने तथा मृतक के पिता को भी शामिल तफ्तीश होने के भी आदेश दिए थे। लेकिन कैलाशचंद पूर्व मंत्री सहित आठ व्यक्तियों के विरूध एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए शव का दाह संस्कार करने से बच रहा है। उच्च न्यायालय के एडवाकेट सत्यारायण यादव ने बताया कि उनकी ओर से सोमवार को तत्काल सुनवाई के लिए दरखास्त लगाई गई थी। जिस पर आज बुधवार को सुबह की पारी में सुनवाई होने की संभावना है। लगाई गई दरखास्त में जांच अधिकारियों को बदलने की दलील दी गई है। जिस पर बुधवार 5 फरवरी को आदेश पारित होने की उम्मीद है।

# हर घर-हर गृहिणी योजना पंजीकरण में जिला में पंजीकरण अभियान जारी : उपायुक्त

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला में इन दिनों हर घर - हर गृहिणी योजना का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से योजना के पंजीकरण को लेकर विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सरकार की जन हितैषी नीति को धरातल पर साकार करने के लिए मिशन मोड में कार्य चलाया हुआ है। इसी कारण जिला प्रदेश में पंजीकरण में अभियान जारी है। प्रशासन का प्रयास है तय समय से पहले शत-प्रतिशत पात्र परिवारों को पंजीकरण कार्य पूरा हो। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि हर घर - हर गृहिणी योजना के पंजीकरण को

**शेड्यूल के अनुरूप चिन्हित गांवों में राशन डिपो पर शिविरों में हो रहा पंजीकरण कार्य**

लेकर विशेष कैम्प लगाए जा रहे हैं। बुधवार को विभिन्न गांवों में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा कैम्प लगाकर पंजीकरण किया जाएगा। अभी तक 20 हजार 500 बीपीएल व एएवाई परिवारों ने इस योजना के तहत पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया है। पंजीकरण के लिए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा गांवों में पात्र लाभार्थियों को पंजीकरण के लिए प्रेरित किया



जा रहा है,साथ ही विभागीय टीम राशन डिपो पर पंजीकरण कार्य भी कर रही हैं। उपायुक्त ने बताया कि यह योजना बीपीएल और एएवाई श्रेणी के परिवारों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण का एक बड़ा साधन है। योजना के तहत पात्र परिवार 500 रुपये में प्रतिवर्ष 12 एलपीजी गैस सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं व योजना का लाभ लेना बिल्कुल सरल है, पात्र प रि वा र डॉटहरियाणाफुडडॉटजीओवीडॉटइ न पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए केवल गैस कनेक्शन की कॉपी, परिवार पहचान पत्र व मोबाइल नंबर की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह योजना महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ गरीब परिवारों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मददगार साबित हो रही है। उन्होंने पात्र लाभार्थियों से अपील की कि वे पंजीकरण कराकर योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## दिल्ली की अदालत ने पेशी में विफलता कि लिए आरोपी को फटकार लगाई, गैर जमानती वारंट जारी

नई दिल्ली। दिल्ली दंगों के दौरान पुलिस हेड कांस्टेबल रतन लाल की मौत से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही यहां की एक अदालत ने पेशी में विफलता को लेकर फटकार लगाते हुए आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला दयालपुर थाने द्वारा दंगा, हत्या और अन्य आरोपों के लिए दर्ज मामले में सुनवाई कर रहे थे। तीन फरवरी को अदालत ने कहा कि सुनवाई के दौरान न तो आरोपी शाहनवाज और न ही उसका वकील पेश हुआ। एक अन्य आरोपी का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि वह कहां है। न्यायाधीश ने कहा, 'हर दिन, मैं सभी आरोपी व्यक्तियों से नियमित रूप से बात कर रहा था ताकि उन्हें अवगत कराया जा सके कि अपराह्न दो बजे अदालत में उपस्थित होना उनका परम कर्तव्य है। बचाव पक्ष के वकीलों और अभियुक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हर दिन सुनवाई के लिए समय निर्धारित किया गया।' न्यायाधीश ने कहा कि आरोपी व्यक्तियों का अपराह्न दो बजे के बाद अदालत में आना रोजमर्रा की आदत बन गई है, जिससे अदालत को उनका इंतजार करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। न्यायाधीश ने कहा, 'शाहनवाज का भी यही रवैया है और वह भी पहली बार अनुपस्थित नहीं है। इन परिस्थितियों में, नरम रुख जारी नहीं रखा जा सकता। आरोपी शाहनवाज के खिलाफ गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी करेंज 10 फरवरी तक कोई सुनवाई नहीं होगी।' आदेश लिखे जाने के समय शाहनवाज के वकील उपस्थित हुए, जिसके बाद उन्हें कार्यवाही से अवगत कराया गया।

## दिल्ली चुनाव : आचार संहिता उल्लंघन के 1,000 से ज्यादा मामले दर्ज

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के 1,076 मामले दर्ज किए हैं। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि पुलिस ने इन मामलों के सिलसिले में 34,250 लोगों को गिरफ्तार किया है या हिरासत में लिया है। अधिकारी के मुताबिक, ये मामले सात जनवरी को आदर्श आचार संहिता लागू होने से लेकर तीन फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार थमने के बीच दर्ज किए गए। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान बुधवार को होगा, जबकि नतीजे शनिवार को आएंगे। चुनाव से पहले पुलिस ने सीमा चौकियों पर सतर्कता बढ़ा दी है और हथियारों, शराब एवं नशीले पदार्थों की तस्करी सहित अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की है। अधिकारी के अनुसार, दिल्ली पुलिस ने अब तक 469 अवैध हथियार और 513 कारतूस जब्त किए हैं, जबकि 491 लोगों को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने 1,10,093 लीटर अवैध शराब जब्त की है और 1,381 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में 77.9 करोड़ रुपये से अधिक कीमत के 196.602 किलोग्राम मादक पदार्थ और 1,200 से ज्यादा प्रतिबंधित इंजेक्शन जब्त किए गए हैं तथा इनके सिलसिले में 177 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी के मुताबिक, कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अब तक 11.36 करोड़ रुपये नकद और 37.39 किलोग्राम चांदी जब्त की है। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने सोमवार को आदर्श आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े आंकड़े जारी किए। आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली चुनाव के संबंध में अब तक 220 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती की गई है, जिसमें 88 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ, 81 करोड़ रुपये मूल्य के बहुमूल्य धातु और लगभग 40 करोड़ रुपये नकद शामिल है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सी-विजिल मंच के माध्यम से 7,500 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 7,467 का समाधान कर दिया गया है, जबकि 32 शिकायतें प्रक्रियाधीन हैं। सी-विजिल एक ऐसा मंच है, जो नागरिकों को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत करने की सुविधा देता है।

## दिल्ली में मतदान करने वालों को दुकान और सैलून में मिलेगी विशेष छूट

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान से महज एक दिन पहले 'चैंबर ऑफ ट्रेड्स एंड इंडस्ट्रीज' (सीटीआई) ने घोषणा की है कि शहर भर के सैलून और ब्यूटी पार्लर मतदान करने वाले लोगों को 20 से 50 प्रतिशत तक की छूट देंगे। सैलून के अलावा, दुकानें, रेस्तरां, होटल, मॉल, कॉफी शॉप और ढाबे सहित विभिन्न व्यवसाय भी मतदान करने वाले ग्राहकों को 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान करेंगे। सीटीआई ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि लगभग 500 सैलून और ब्यूटी पार्लर मतदान के अगले दिन 6 फरवरी को ये छूट प्रदान करेंगे। उसने कहा, ''इस पहल का उद्देश्य दिल्ली में मतदान को बढ़ावा देना है, जहां 70 विधानसभा सीट के लिए पांच फरवरी को चुनाव होने हैं।'' सीटीआई अध्यक्ष बृजेश गोयल ने कहा कि यह प्रयास अधिक मतदान प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए है। गोयल ने कहा, ''यह पहल पांच फरवरी को अधिक लोगों को अपना वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करेगी और मतदान प्रतिशत बढ़ेगा।'' उन्होंने कहा कि सीटीआई से जुड़े 500 से अधिक सैलून मालिक और मेकअप कलाकार इस पहल में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा, ''जो मतदाता 6 फरवरी को 'फेशियल, शेव, हेयरकट, मसाज और डी-टैन ट्रीटमेंट' जैसी सौंदर्य सेवाओं का लाभ उठाते हैं, उन्हें 20 से 50 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट मिलेगी। यह ऑफर उन पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए खुला है, जो वोट डालने के सबूत के तौर पर अपनी उंगली पर लगी वोटिंग स्याही दिखाते हैं।'' सत्तर सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के लिए बुधवार को मतदान होना है, जिसके नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे।

### ठगी के मामले में हिमाचल प्रदेश से आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। व्हाट्सएप कॉल के जरिए अश्लील वीडियो बना कर ठगी करने वाले एक बदमाश को हिमाचल प्रदेश से द्वारका जिला पुलिस की साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित अमित कुमार को पकड़ने के लिए पुलिस टीम को पहाड़ों पर कई किलोमीटर तक ट्रेकिंग करनी पड़ी। द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि 12 अगस्त को साइबर थाना पुलिस को ठगी की शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता युवती ने बताया कि उसे अज्ञात नम्बर से व्हाट्सएप वीडियो कॉल आई थी। पीड़िता ने जवाब देने के लिए कॉल उठाया तो सामने भी एक लड़की थी, लेकिन 5 से 6 सेकंड के बाद कॉल अपने आप ही कट गई। अगले दिन पीड़िता को फिर से एक कॉल आया और कॉल करने वाले ने खुद को सीबीआई अधिकारी गौरव मल्होत्रा बताया। अधिकारी ने बताया कि पीड़िता को फोन करने वाले लड़की ने आत्महत्या कर ली है। अधिकारी ने पीड़िता को एम्बुलेंस की कुछ तस्वीरें और उसका एक अश्लील वीडियो भेजा। आरोपित ने पीड़िता ने जांच से बचने और वीडियो के बदले पैसों की मांग की। आरोपित ने कई बार में पीड़िता ने अगल अलग बैंक खाते में 4,84,500 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। एसीपी राम अवतार, इंस्पेक्टर खालिद हुसैन की टीम ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। एसआई साहिल गहलावत ने तकनीकी निगरानी, सीडीआर विवरण, बैंक खाते के विवरण की मदद से हिमाचल प्रदेश के चंबा में आरोपित के होने की पहचान की। इसके बाद पुलिस ने हिमाचल में छापेमारी की। पुलिस टीम एक जगह पहुंची जहां से आगे जाने के लिए रास्ता उपलब्ध नहीं था। पहाड़ी क्षेत्र में एक घंटे की आगे की ट्रैकिंग के बाद पुलिस अमित कुमार के घर छंबर गांव पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया।

## अश्लील वीडियो बनाकर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। व्हाट्सऐप कॉल के जरिए अश्लील वीडियो बनाकर ठगी करने वाले एक बदमाश को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी अमित कुमार को पकड़ने के लिए पुलिस टीम को पहाड़ों पर कई किलोमीटर तक ट्रैकिंग करनी पड़ी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। इसे दो फरवरी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 12 अगस्त को साइबर थाना पुलिस को ठगी की शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता युवती ने बताया कि उसे अज्ञात नम्बर से व्हाट्सऐप वीडियो कॉल आई थी। पीड़िता ने जवाब देने के लिए कॉल उठाया तो सामने भी एक लड़की थी, लेकिन पांच से छह सेकंड के बाद कॉल अपने आप ही कट गई। अगले दिन पीड़िता को फिर से एक कॉल आई और कॉल करने वाले ने खुद को सीबीआई अधिकारी गौरव मल्होत्रा बताया। अधिकारी ने बताया कि पीड़िता को फोन करने वाली लड़की ने आत्महत्या कर ली है। उसने पीड़िता को एम्बुलेंस की कुछ तस्वीरें और उसका एक अश्लील वीडियो भेजा। आरोपी ने पीड़िता को जांच से बचने और वीडियो के बदले पैसों की मांग की।

# 'हम तीन सदस्यीय निकाय हैं, किसी एक व्यक्ति द्वारा संचालित नहीं', 'आप' पर चुनाव आयोग का पलटवार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान से एक दिन पहले भारतीय चुनाव आयोग (ईसी) ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर पलटवार किया। चुनाव निकाय ने कहा कि 3 सदस्यीय आयोग ने सामूहिक रूप से दिल्ली चुनावों में ईसीआई को बदनाम करने के लिए बार-बार जानबूझकर दबाव डालने की रणनीति का उल्लेख किया। एक्स पर एक पोस्ट में, चुनाव आयोग ने कहा कि उसने संवैधानिक संयम बरतने, ऐसे आरोपों को समझदारी दिखाते हुए धैर्यपूर्वक झेलने तथा ऐसे आक्षेपों से प्रभावित न होने का निर्णय लिया है।

चुनाव आयोग ने आगे कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर प्रत्येक मामले में 1.5 लाख से अधिक अधिकारियों ने कार्रवाई की। ईसी ने कहा कि ये अधिकारी निष्पक्ष खेल और गैर-पक्षपातपूर्ण आचरण सुनिश्चित करने के लिए एक स्थापित कानूनी ढांचे, मजबूत प्रक्रियाओं और एसओपी के भीतर काम कर रहे हैं। 'आप' के संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत पार्टी के शीर्ष नेताओं ने दावा किया है कि निर्वाचन आयोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा चुनाव आचार संहिता के कथित उल्लंघन को नजरअंदाज कर रहा है।

केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि कुमार सेवानिवृत्ति के बाद पद पाने की चाह में भाजपा के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। कुमार 65 वर्ष की आयु होने पर 18 फरवरी को पद से सेवानिवृत्त होंगे। ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू अन्य निर्वाचन आयुक्त हैं। चुनाव आयोग का यह बयान आतिशी द्वारा भाजपा के रमेश बिधूड़ी के संबंध में एक पोस्ट में चुनाव आयोग पर आरोप लगाने के बाद आया है।

आतिशी ने कहा कि चुनाव आयोग भी गज़ब का है! रमेश बिधूड़ी के परिजन खुलेआम आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं। उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मैंने शिकायत दर्ज की और पुलिस और ईसीआई को बुलाया, और उन्होंने मेरे खिलाफ मामला दर्ज किया! राजीव कुमार- चुनावी प्रक्रिया को कितना बर्बाद करोगे।




# आतिशी के पास दिल्ली की जनता को बताने के लिए कुछ भी नहीं : रमेश बिधूड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली, 04 फरवरी (वेब वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता रमेश बिधूड़ी ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी पर जोरदार निशाना साधा।

उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि आतिशी के पास दिल्ली के लोगों को बताने के लिए कुछ भी नहीं है, क्योंकि उन्होंने पिछले पांच सालों में दिल्ली की जनता के लिए कोई काम नहीं किए हैं। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली की जनता के मन में मोदी जी हैं और आतिशी को यह अच्छे से पता है कि वो चुनाव हारने जा रही हैं। भाजपा नेता ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि आतिशी को अब देश की व्यवस्था पर विश्वास करना चाहिए। लेकिन, आतिशी ऐसा ना करके गाड़ियों का काफिला लेकर अपने साथ चल रही हैं



और हमारे कार्यकर्ताओं को उठवा रही हैं, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि आतिशी कभी किसी की फोटो जारी कर रही है, तो कभी किसी की। मुझे लगता है कि आतिशी जी को ऐसा नहीं करना चाहिए, बल्कि उन्हें संविधान पर और देश की व्यवस्था पर विश्वास करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आतिशी की यह संस्कृति ही हैं। उनके संस्कार ही ऐसे हैं। उन्होंने कहा कि अब देश के लोग आम आदमी पार्टी के नेताओं की सच्चाई जान चुके हैं, तो ऐसे में जनता इन लोगों के झांसे में नहीं आने वाली है। उन्होंने आगे कहा कि अगर मैं चुनाव लड़ूंगा, तो जाहिर सी बात है कि मेरे बेटा और मेरी पत्नी चुनाव प्रचार में जरूर हिस्सा लेंगे। उन्होंने आतिशी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वो हर किसी को गुंडा कह दे रही हैं, जो मन में आ रहा है, वो कह रही हैं, लेकिन हम उन्हें कुछ कह नहीं रहे हैं, क्योंकि वो एक महिला हैं। बता दें कि दिल्ली में पांच फरवरी को मतदान है और नतीजों की घोषणा आठ फरवरी को होगी।

## दिल्ली में भाजपा की गुंडागर्दी के 'आप' के दावे को पुलिस ने किया खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। दिल्ली में बुधवार को मतदान होना है। वहीं, आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला लगातार जारी है। आम आदमी पार्टी (आप) ने आरोप लगाया है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की गुंडागर्दी का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। 'आप' ने जंगपुरा से भाजपा के प्रत्याशी तरविंदर मारवाह पर आरोप लगाया है कि वह सरेआम महिलाओं के साथ बदतमीजी कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) ने सोशल मीडिया के जरिए कई वीडियो जारी किए हैं, जिनमें यह दावा किया गया है कि भाजपा के गुंडे सड़कों पर लोगों के साथ मारपीट कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) का कहना है कि यदि ये लोग सत्ता में आ गए, तो क्या हाल होगा, इसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। हालांकि, पुलिस ने आम आदमी पार्टी के इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि 3 फरवरी को सिद्धार्थ एन्क्लेव के पॉकेट-बी के पास महिलाओं के बीच भोजन वितरण (भंडारा) को लेकर झगड़ा हुआ था, जो पूरी तरह से एक निजी विवाद था और इस मामले में कोई राजनीतिक एंगल नहीं था। पुलिस ने यह भी बताया कि किसी महिला ने किसी के खिलाफ कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। बता दें कि सोमवार की रात भी कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में हुए हंगामे के बाद मौके पर पहुंची आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी आतिशी और उनके साथ मौजूद कई लोगों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने और सरकारी काम में बाधा पहुंचाने पर मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

## दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राष्ट्रपति से मुलाकात कर मतदाता सूचना पर्ची सौंपी



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए बुधवार सुबह से मतदान शुरू हो जाएगा। मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से बनाए रखने के सभी इंतजाम करीब-करीब पूरे हो चुके हैं। मंगलवार दोपहर से तमाम मतदान केंद्रों पर चुनाव आयोग के कर्मचारी ड्यूटी के लिए रवाना हो चुके हैं। उधर, दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एलिस वाज ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए उनकी मतदाता सूचना पर्ची सौंपी। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी (नई दिल्ली) सनी कु. सिंह और बूथ लेवल अधिकारी सुरेश गिरी थे। उन्होंने राष्ट्रपति को चुनाव आयोग के मतदाता जागरूकता और सुविधा प्रयासों के बारे में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि मतदाता सूचना पर्ची में मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकार का सुचारू रूप से प्रयोग करने में सहायता करने के लिए आवश्यक विवरण शामिल होता है। चुनाव आयोग ने दिल्ली के सभी पात्र मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए 5 फरवरी को अपना वोट डालने की अपील की है।

# दिल्ली चुनाव: 24 उम्मीदवारों को लेकर एडीआर ने नियमों के उल्लंघन का जिक्र किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ रहे आपराधिक रिकॉर्ड वाले 118 उम्मीदवारों में से 24 उम्मीदवारों (20 प्रतिशत) ने अपने रिकॉर्ड का खुलासा नहीं किया है या उनके संबंधित दलों द्वारा इसका स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है। 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव में कुल 699 उम्मीदवार मुकाबले में हैं। चुनाव सुधारों के लिए काम करने वाले संगठन एडीआर ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 का विस्तृत विश्लेषण जारी किया है। प्रारूप सी7 डेटा पर आधारित रिपोर्ट से पता चला है कि कई राजनीतिक दल उम्मीदवारों के चयन के कारणों का खुलासा करने में विफल रहे। उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार लंबित आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों के चयन के लिए कारण का खुलासा करना होता है।

चुनाव लड़ रहे 699 उम्मीदवारों में से 118 ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं और उनमें से 71 उम्मीदवारों पर भ्रष्टाचार, दंगा और हिंसक अपराधों सहित गंभीर आपराधिक आरोप हैं। विधानसभा चुनाव लड़ रहे 94 उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड अनिवार्य रूप से प्रकाशित किए गए, 24 उम्मीदवारों (20त्न) ने अपने रिकॉर्ड का खुलासा नहीं किया या उनके संबंधित दलों द्वारा इसका औचित्य सिद्ध नहीं किया। उच्चतम न्यायालय ने अनिवार्य किया था कि राजनीतिक दल ऐसे उम्मीदवारों को चुनाव में उनकी ''जीतने की क्षमता'' के अलावा मैदान में उतारने के लिए वैध कारण भी बताएंगे।

हालांकि, अधिकतर पार्टियों ने अस्पष्ट या भ्रमित करने वाले कारण बताए हैं। विश्लेषण में 22 राजनीतिक दलों को शामिल किया गया, जिन्होंने आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। आम आदमी पार्टी (आप), कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जैसे प्रमुख दलों ने अपने अधिकतर उम्मीदवारों के लिए प्रारूप सी7 प्रकाशित किया। हालांकि, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) और भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी सहित छोटी पार्टियां इसका पालन करने में विफल रहीं। कुछ दलों ने कई उम्मीदवारों के लिए एक जैसे कारण या बिना किसी ठोस सबूत के मामलों को ''राजनीति से प्रेरित'' बताया है। एडीआर ने कहा कि ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने भी अलग-अलग उम्मीदवारों के जवाबों की नकल की।

सबसे अधिक आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों में अमानतुल्लाह खान (आप) पर 19 मामले, अरविंद केजरीवाल (आप) पर 15 मामले और मोहम्मद ताहिर हुसैन (एआईएमआईएम) पर 38 गंभीर आरोपों सहित 11 मामले हैं। राजनीतिक दलों ने उम्मीदवारों के राजनीतिक अनुभव, लोकप्रियता का हवाला देते हुए उनके चयन को उचित ठहराया और दावा किया कि उनके खिलाफ मामले राजनीतिक प्रतिशोध के कारण दर्ज किए गए थे। हालांकि, एडीआर ने कहा कि इन स्पष्टीकरणों में अक्सर इस ठोस तर्क का अभाव होता है कि बेदाग छवि वाले उम्मीदवारों पर विचार क्यों नहीं किया गया। एडीआर की रिपोर्ट बाहुबल, धनबल और राजनीति के बीच मजबूत गठजोड़ को भी रेखांकित करती है। आपराधिक पृष्ठभूमि वाले 118 उम्मीदवारों में से 84 (71त्न) करोड़पति हैं और आपराधिक मामलों के बावजूद सबसे अधिक घोषित संपत्ति वाले शीर्ष तीन उम्मीदवारों में 248 करोड़ रुपये के साथ मनजिंदर सिंह सिरसा (भाजपा), 130 करोड़ रुपये के साथ गुरचरण सिंह (कांग्रेस) और 115 करोड़ रुपये के साथ परवेश साहिब सिंह (भाजपा) शामिल हैं।

दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव पांच फरवरी को होंगे और मतगणना आठ फरवरी को होगी।

## नाबालिग ने चाकू से गोदकर युवक को मार डाला

नई दिल्ली। त्रिलोकपुरी इलाके में तीन फरवरी की देर रात एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद नाबालिग मौके से फरार हो गया। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हुई है। पुलिस ने हत्या की धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपी नाबालिग को पकड़ लिया है। इसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीन फरवरी की देर रात 12.45 बजे त्रिलोकपुरी 10 ब्लॉक में एक शव पड़े होने की सूचना मिली। कल्याणपुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज जब्त कर जांच शुरू की। प्राथमिक जांच में सामने आया कि युवक अंतिम बार एक नाबालिग के साथ था। पुलिस ने फुटेज के आधार पर नाबालिग की पहचान की और उसे पकड़ लिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हुई है। पुलिस की दो टीमें उसकी पहचान का प्रयास कर रही है। आरोपी से पूछताछ के बाद सामने आया कि युवक और उसके बीच गाली देने पर बहस शुरू हुई थी। बहस के दौरान ही आरोपी ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया और कई वार कर मौके से फरार हो गया।

## दिल्ली सरकार ने प्रचार की भूख के चलते गरीबों को नही बांटे फ्लैट : स्वाति मालीवाल



नई दिल्ली। राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल के झुग्गीवासियों से किए वादों पर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने कहा कि प्रचार की भूख के चलते उन्होंने गरीबों को फ्लैट नहीं बांटे और आज ये फ्लैट खंडहर हो गये हैं। स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर खंडहर हो रहे फ्लैट्स का वीडियो साझा कर कहा है कि केंद्र सरकार की स्कीम के तहत 2007 से 2012 तक 52 हजार फ्लैट गरीब लोगों झुग्गी वालो के लिए बन कर के तैयार किए गए थे। दस साल से इनमें से केवल चार हजार फ्लैट गरीबों को आवंटित किए गए। वहीं 48 हजार फ्लैटों का आवंटन गरीबों को नही किया गया। इसके पीछे कारण यह था कि केंद्र सरकार की वाहवाही न हो जाए। इन मकानों को केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार ने मिलकर के बनाया है लेकिन अरविंद केजरीवाल इसको अपने नाम से प्रचार करना चाहते है। इस स्कीम में 11 सौ करोड़ रुपये केंद्र सरकार के लगने थे, 990 करोड़ रुपये दिल्ली सरकार के लगने थे और तीन सौ करोड़ लभार्थियों के लगने थे। लेकिन फिर भी केजरीवाल ने गरीबों के लिए काम नही किया। स्वाति मालीवाल ने कहा कि केजरीवाल चाहते थे इस स्कीम का प्रचार उनके नाम से हो और योजना को 'मुख्यमंत्री आवास योजना' नाम देकर फ्लैट बांटे जाएं। सरकार के हजारों करोड़ रुपये बर्बाद हुए। झुग्गी वालों को उनके हक के घर नहीं मिले। आज झुग्गी वाले नर्क की जिंदगी जी रहे हैं। दिल्ली के लोग सड़क-नाली-सीवर-गंदे पानी की मुश्किलों के बीच जिंदगी काट रहे है। ये केजरीवाल की गरीब विरोधी मानसिकता नहीं तो और क्या है?

# भाजपा, आम आदमी पार्टी दोनों करते हैं महिलाओं का अपमान, वायरल वीडियो दिखाया : कांग्रेस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने कहा है कि सबकी सुरक्षा की बात कर दिल्ली के लोगों से वोट मांगकर सत्ता में आने की गुहार लगाने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) पूरी तरह से महिला विरोधी है तथा इन दोनों दलों के नेताओं ने महिलाओं को अपमानित करने में कभी संकोच नहीं किया और महिलाओं को प्रताड़ित करने का उनका सिलसिला बंद नहीं हुआ है।

महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लम्बा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सुबह से आज एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दिल्ली के मोती नगर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना के पुत्र तथा भाजपा उम्मीदवार हरीश खुराना अपनी ही पार्टी की सांसद बांसुरी स्वराज सहित महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं। इस वीडियो में वह महिलाओं के लिए सिर्फ अभद्र भाषा का इस्तेमाल ही नहीं कर रहे हैं बल्कि महिलाओं के यौन शोषण से टिकट मिलने जैसी आपत्तिजनक बात कर रहे हैं।

सुश्री लाम्बा ने कहा 'हरीश खुराना ने महिलाओं के यौन शोषण को लेकर जो बात कही है यह बेहद शर्मनाक है। भाजपा राजनाति को किस स्तर पर ले आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा जैसे तमाम बड़े नेताओं ने हरीश खुराना के लिए प्रचार किया है। इन सभी को इस वीडियो पर सफाई देनी चाहिए। ये पहली बार नहीं है जब भाजपा महिलाओं को अपमानित कर रही है। कालकाजी से भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी के बयान लगातार महिला विरोधी रहे हैं। भाजपा विधायक ओपी शर्मा भी महिलाओं को अपशब्द कहने के लिए निलंबित हो गए थे।÷

उन्होंने कहा 'भाजपा दिल्ली में चुनाव हारने जा रही है। इनका 'चाल-चरित्र-चेहरा' पूरी दिल्ली के सामने है। ये लोग सिर्फ सत्ता-धन-बल का इस्तेमाल कर चुनाव जीतना चाहते हैं। आम आदमी पार्टी तथा भाजपा में महिलाओं का अपमान आम बात है। आप की सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हिंसा और दुर्व्यवहार किया गया, दिल्ली की महिला मुख्यमंत्री आतिशी जी का अरविंद केजरीवाल टेंपरेरी कहकर अपमान करते हैं, बांसुरी स्वराज जी को लेकर भाजपा के ही नेता अपशब्द कहते हैं। यही भाजपा और आप का 'चाल, चरित्र,चेहरा और भाषा है।'

कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा में फूट है और उसके नेता एक दूसरे को खुलेआम भला बुरा कहते हैं, गालियां देते हैं और इस स्थिति को देखकर साफ हो गया है कि भाजपा दिल्ली में हार रही है। आप महिलाओं का कितना सम्मान करती



है इसका उदाहरण पार्टी सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुई हिंसा और दुर्व्यवहार तथा मुख्यमंत्री आतिशी को टेंपरेरी कहकर अपमानित करने वाला पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का बयान है।

# शाइन एसपी नए और हाईटेक फीचर्स के साथ पुनः लांच



**नई दिल्ली ।**

बाइक निर्माता कंपनी होंडा ने अपनी शानदार बाइक शाइन एसपी को नए और हाईटेक फीचर्स के साथ पुनः लांच किया है। नई होंडा एसपी को पुरानी एसपी 125 की तुलना में ज्यादा प्रीमियम और स्टाइलिश लुक में तैयार किया गया है।

यह गाड़ी 125सीसी की कैपेसिटी में कई बेहतरीन और लेटेस्ट फीचर्स के साथ मार्केट आ रही अन्य बाइक को टफ कंपटीशन दे रही है। सबसे खास बात यह है कि नई होंडा एसपी125 कंप्यूटर ड्रम और डिस्क ब्रेक वेरिएंट के साथ उपलब्ध है। इस बाइक के कलर ऑप्शन की बात करें तो इसमें कई कलर ऑप्शन कंपनी देती है। कंपनी इस बाइक को पर्ल इग्नियस ब्लैक, मैट एक्सेस ग्रे, मैटेलिक पर्ल सायरन ब्लू, इंपीरियल रेड मैटेलिक और मैट मार्वल ब्लू मैटेलिक जैसे रंगों में उपलब्ध कराया गया है। इस गाड़ी में 124 सीसी का दमदार सिंगल सिलेंडर पावरफुल इंजन दिया गया है जिसमें फ्यूल इंजेक्टेड इंजन जैसे फीचर्स शामिल हैं जो कि 10.7 बीएचपी का पावर और 10.9 एनएम का टॉर्क जनरेट करने की क्षमता रखता है। इस इंजन को फाइव स्पीड गियर बॉक्स के साथ जोड़ा गया है। कंपनी के अनुसार यह गाड़ी 1 लीटर में लगभग 65 किलोमीटर का माइलेज देती है। इसके अलावा इस बाइक में यूएसबी टाइप सी चार्जिंग पोर्ट भी उपलब्ध है जिससे राइडर को बाइक संबंधित हर तरीके की जानकारी मिलती रहे और साथ ही साथ रीडिंग के दौरान जरूरत पड़ने पर मोबाइल फोन भी चार्ज किया जा सके। इस बाइक में बड़े डिस्प्ले के साथ-साथ नेवीगेशन सिस्टम और वॉइस असिस्टेंट फीचर भी मिलता है जो ड्राइविंग एक्सपीरियंस को और बेहतर बनाता है।पावरफुल इंजन के साथ अत्यधिक माइलेज मिल सके इसलिए कंपनी ने इसमें आइडलिंग स्टॉप सिस्टम भी दिया गया है। नई होंडा एसपी125 में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के साथ 4.2 इंच का टीएफटी डिस्पले भी दिया जाता है।

# निसान मैग्नाइट की कीमत अब 22,000 रुपये तक बढ़ी



**नई दिल्ली ।**

हाल ही में निसान मैग्नाइट का फेसलिफ्ट मॉडल लॉन्च किया था, जिसकी कीमत पुराने मॉडल के समान रखी गई थी। शुरुआती 10,000 ग्राहकों के लिए कंपनी ने इसे इंट्रोडक्टरी प्राइस पर पेश किया था, लेकिन अब यह ऑफर खत्म कर दिया गया है और कार की कीमत में बढ़ोतरी कर दी गई है। निसान मैग्नाइट की कीमत अब 22,000 रुपये तक बढ़ गई है। पहले इसका इंट्रोडक्टरी प्राइस 5.99 लाख रुपये था, जो अब 6.12 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) हो गया है। विभिन्न वेरिएंट्स की कीमतों में अलग-अलग वृद्धि हुई है। एनए पेट्रोल वेरिएंट्स में टेकना एनए पेट्रोल एएमटी और टेकना प्लस एनए पेट्रोल एएमटी की कीमत 19,000 रुपये तक बढ़ी है। वहीं, असेंटा एनए पेट्रोल एएमटी की कीमत में 18,000 रुपये की वृद्धि हुई है। बेस वेरिएंट वीसीए और मिड-स्पेक एन-कनेक्टा की कीमत में 13,000 रुपये का इजाफा हुआ है। एनए पेट्रोल एमटी वेरिएंट्स में एन-कनेक्टा की कीमत सबसे कम 8,000 रुपये बढ़ी है, जबकि वीसीए, वीसीए प्लस और टेकना एनए पेट्रोल एमटी वेरिएंट्स की कीमत 13,000 रुपये तक बढ़ाई गई है। टॉप-स्पेक टेकना और टेकना प्लस एनए पेट्रोल एमटी वेरिएंट्स की कीमतों में 14,000 रुपये का इजाफा हुआ है।

एसेंटा टर्बो पेट्रोल सीवीटी वेरिएंट अब 20,000 रुपये तक महंगा हो गया है, जबकि टेकना और टेकना प्लस टर्बो पेट्रोल सीवीटी वेरिएंट्स की कीमतों में 22,000 रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है। अब निसान मैग्नाइट की एक्स-शोरूम कीमत 6.12 लाख रुपये से शुरू होकर 11.72 लाख रुपये तक जाती है। बढ़ी हुई कीमतों के बावजूद यह कार अपनी स्टाइलिंग, फीचर्स और परफॉर्मेंस की वजह से ग्राहकों के बीच लोकप्रिय बनी हुई है। बता दें कि सब-4 मीटर एसयूवी सेगमेंट में निसान मैग्नाइट भारतीय बाजार में काफी लोकप्रिय कार है। यह निसान की सबसे ज्यादा बिकने वाली गाड़ियों में से एक है।

# जनवरी में महिंद्रा एंड महिंद्रा की एसयूवी की बिक्री 18 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।**

कार निर्माता कंपनी महिंद्रा की कारें हर महीने कंपनी के लिए जबरदस्त सेल्स फिगर हासिल कर रही हैं। जनवरी 2025 में महिंद्रा एंड महिंद्रा की एसयूवी की बिक्री 18 प्रतिशत बढ़ी। कंपनी ने 50659 व्हीकल्स सेल किए। अगर इस नंबर में अगर एक्सपोर्ट यूनिट्स जोड़ें तो यह नंबर 52306 यूनिट्स तक पहुंचा जाता है। कंपनी की साल-दर-साल (वायओवाय) ग्रोथ एक्साइटिंग है लेकिन महीने-दर-माह ग्रोथ भी बेहद अच्छी है। कंपनी ने दिसंबर 2024 में 41424 यूनिट्स बेचीं, इसलिए सेल्स नंबर में बढ़ोतरी कंपनी ने मार्केट में लगातार अपने प्रोडक्ट्स को अपडेट किया है और नए ग्राहक अट्रैक्ट करने में कामयाब रही है। यह देखते हुए कि कंपनी ने अपनी नई ऑल-इलेक्ट्रिक एसयूवी लॉन्च की है, यह देखना दिलचस्प होगा कि चीजें कैसे आगे बढ़ती हैं। महिंद्रा के ऑटोमोटिव डिवीजन के अध्यक्ष, विजय नाकरा ने कहा, 'हमारी इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी, बीई6 और एक्सईवी 9ई ने हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में काफी इंट्रेस्ट जेनेरेट किया है। इन व्हीकल्स की बुकिंग 14 फरवरी से शुरू होगी।' कंपनी के निर्यात में भी 95 प्रतिशत की ग्रोथ देखी गई, जो भारत में मैन्युफैक्चरिंग के लिए कंपनी की मजबूत रणनीति को दर्शाता है। कंपनी फ्यूचर में कई नए इलेक्ट्रिक मॉडल बाजार में लाने वाली है जिससे आने वाले समय में बाजार का रुख देखना काफी दिलचस्प होगा। दिग्गज भारतीय कार निर्माता कंपनी महिंद्रा ने बीते कुछ सालों में भारत समेत दुनिया के कई बाजारों में जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की है।

# भारत में नई एसयूवी किआ सिरोस लॉन्च

**नई दिल्ली ।**

भारतीय बाजार में किआ कंपनी ने अपनी नई एसयूवी किआ सिरोस को लॉन्च किया है। यह गाड़ी कुल 6 वेरिएंट्स और 8 कलर ऑप्शन्स में उपलब्ध होगी। इस कार की शुरुआती कीमत रुपए 8,99,900 लाख रखी गई है और इसे कंपनी ने अपनी पॉपुलर एसयूवीएस सोनेट और सेल्टॉस के बीच पोजिशन किया है।

भारतीय बाजार में किआ सिरोस का सीधा मुकाबला टाटा पंच टाटा पंच, टाटा नेक्सान, मारुति ब्रेझा और हयूंदै एक्टेर जैसी गाड़ियों से होगा। किआ सिरोस को कंपनी ने कई प्रीमियम फीचर्स और आधुनिक तकनीकों से लैस किया है। इसमें 12.3-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, 5-इंच क्लाइमेट कंट्रोल डिस्प्ले, वायरलेस ऐप्पल कारप्ले और एंड्रॉइड ऑटो, 8-स्पीकर प्रीमियम साउंड सिस्टम, रियर सीट वेंटिलेशन, डुअल-पैन पैनोरमिक सनरूफ और 60:40 स्प्लिट रियर सीट जैसे फीचर्स दिए गए हैं। सेफ्टी के लिहाज से इसमें 6 एयरबैग्स, एबीएस के साथ ईबीडी, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल , टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम , 360-डिग्री कैमरा, डुअल डैशकैम सेटअप और लेवल-2 अडास जैसी सुविधाएं दी गई हैं। इंजन विकल्पों की बात करें तो किआ सिरोस में 1.5-लीटर डीजल इंजन दिया गया है, जो 115 बीएचपी की पावर और 250एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है।




वहीं, पेट्रोल ऑप्शन में 1.0-लीटर टर्बो-पेट्रोल इंजन मिलेगा, जो 120बीएचपी की पावर और 172 एनएम का टॉर्क देता है। यह कार 6-स्पीड मैनुअल, 7-स्पीड डीसीटी और 6-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के विकल्पों के साथ उपलब्ध होगी।

# ग्लोबल सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में जारी रहेगा सुधार, 2025 में कुल आय 705 अरब डॉलर तक पहुंच सकती

**मुंबई ।**

ग्लोबल सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में 2024 में मजबूती दिखाई दी है और इसकी आय सालाना आधार पर 18.1 प्रतिशत बढ़कर 626 अरब डॉलर हुई है, इसकी जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में सेमीकंडक्टर कंपनियों की कुल आय 705 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है। पिछले साल कुल इंडस्ट्री की आय में मेमोरी सेमीकंडक्टर की हिस्सेदारी 74.8 प्रतिशत थी। इसके अलावा गैर-मेमोरी सेमीकंडक्टर सेगमेंट की आय में 6.9 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया कि शीर्ष 25 सेमीकंडक्टर कंपनियों में 11 ने दोहरे अंक में आय वृद्धि दर्ज की है, जबकि आठ कंपनियों की आय में गिरावट देखी गई है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने इंटेल को पछाड़कर दुनिया के शीर्ष सेमीकंडक्टर विक्रेता के रूप में अपना स्थान पुनः पा लिया।

दक्षिण कोरियाई तकनीकी दिग्गज को मेमोरी की कीमतों में तेज सुधार का लाभ मिला, जिससे 2024 में इसकी आय 66.5 अरब डॉलर हुई है। इस बीच इंटेल दूसरे स्थान पर खिसक गई क्योंकि कंपनी के एआई पीसी और कोर अल्ट्रा चिपसेट कोई खास प्रभाव डालने में विफल रहे हैं। 2024 में इंटेल की सेमीकंडक्टर से आय 0.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ करीब स्थिर रही है। एनवीडिया के कारोबार में तेजी देखी गई। कंपनी की सेमीकंडक्टर से आय 84 प्रतिशत बढ़कर 46 अरब डॉलर हो गई है और आय के मामले में एनवीडिया इस क्षेत्र की तीसरी सबसे बड़ी कंपनी बन गई है।

सेमीकंडक्टर कारोबार के विस्तार में मेमोरी सेगमेंट ने अहम भूमिका निभाई है। 2024 में आय में 71.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। डीआरएएम आय में 75.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एनएएनडी राजस्व में भी सालाना आधार पर 75.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस वृद्धि के पीछे एक प्रमुख कारक हाई-बैंडविड्थ मेमोरी (एचबीएम) की बढ़ती मांग थी, जिसने डीआरएएम की बिक्री में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## रुपया बढ़त पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मंगलवार को भारतीय रुपया 11 पैसी की बढ़त के साथ ही 87.0675 पर बंद हुआ, जो पिछले सेशन में 87.1850 था। शुरुआती कारोबार में 13 पैसे की बढ़त के साथ 86.98 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मेक्सिको और कनाडा पर शुल्क बढ़ोतरी को लागू करने की प्रक्रिया को एक महीने टालने के बाद भारतीय मुद्रा पर कुछ दबाव कम हुआ है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर सूचकांक जो 109.88 के स्तर को पार कर गया था, ट्रंप की शुल्क पर अस्थायी रोक की घोषणा के बाद 108.74 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 86.98 पर खुला, जो पिछले बंद भाव से 13 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया सोमवार को 49 पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.11 के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.22 फीसदी की गिरावट के साथ 108.74 पर रहा।



## चीन ने कोयले, एलएनजी उत्पादों पर लगाया 15 प्रतिशत शुल्क

**बीजिंग ।** चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा की कि वह अमेरिका के खिलाफ कई उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाएगा। सरकार ने कहा कि वह कोयला तथा तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) उत्पादों पर 15 प्रतिशत शुल्क लगाएगी। साथ ही कच्चे तेल, कृषि मशीनरी, बड़ी कारों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का चीन पर लगाया गया 10 प्रतिशत शुल्क मंगलवार से लागू होगा। हालांकि ट्रंप ने अगले कुछ दिनों में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ बातचीत करने की योजना बनाई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मेक्सिको, कनाडा और चीन से आयात होने वाली वस्तुओं पर कड़े शुल्क लगाने संबंधी एक आदेश पर शनिवार को हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने दावा किया था कि ये शुल्क ''अमेरिकियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं। हालांकि, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम के साथ अलग-अलग वार्ताओं में ट्रंप ने दोनों देशों पर शुल्क लगाए जाने के फैसले के क्रियान्वयन पर कम से कम एक महीने के लिए रोक लगाने पर सहमति जताई है।

## भारत की विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां उच्च स्तर पर

**नई दिल्ली ।** विनिर्माण क्षेत्र में निर्यात में ऐतिहासिक गति के साथ देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां उच्च स्तर तक पहुंच गई हैं। एचएसबीसी इंडिया के पीएमआई द्वारा प्रस्तावित सूचकांक के अनुसार, विनिर्माण खरीदों में वृद्धि के कारण उच्च स्तरों पर पहुंच गई है। नवीन ऑर्डरों के वृद्धि से विनिर्माण कॉन्टिन्यूएड में एक नक्शा बढ़ा, जिससे पीएमआई के आंकड़े में भी उछाल आया है। एचएसबीसी के एक अर्थशास्त्री ने बताया कि अधिक मांग और इजादी बिक्री के कारण कंपनियों ने उत्पादन में मात्रा बढ़ाने का सामर्थ्य प्राप्त किया है। इस आमंत्रण के फलस्वरूप, विनिर्माताओं ने वृद्धि की गतिविधियों में सकारात्मक उतार-चढ़ाव देखा है। लेकिन लागत के मामले में एचएसबीसी कहता है कि कंपनियों पर दबाव मजबूत है, जिसका कारण 11 महीनों में लागत के निचले स्तर की ओर पहुंच गया है। लागत से जुड़ी महंगाई दूसरे महीने से घटती है, जिससे कंपनियों को उत्पादन मूल्यों में वृद्धि करने के लिए कम दबाव लगता है।

## टीवीएस होल्डिंग्स ने होम क्रेडिट का अधिग्रहण पूरा किया

**चेन्नई ।** टीवीएस होल्डिंग्स लिमिटेड ने होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड की 80.74 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है और इससे समूह की प्रबंधनाधीन ऋण सम्पत्तियों का आधार 33,000 करोड़ रुपये है। यह सौदा 554 करोड़ रुपये में हुआ है। कंपनी की शेष 19.26 प्रतिशत हिस्सेदारी प्रेमजी इन्वेस्ट और टीवीएस होल्डिंग्स के अन्य सहयोगियों द्वारा खरीदी गई है। टीवीएस होल्डिंग्स ने समूह के ऋण पोर्टफोलियो को तीन साल में 50 हजार करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

## पाकिस्तान ने तेल आयात को लेकर सऊदी के साथ किया समझौता

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान की सरकार ने अपने तेल आयात पर 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर के भुगतान को एक साल के लिए स्थगित करने के लिए सऊदी फंड फॉर डेवलपमेंट (एसएफडी) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसमें पाकिस्तान और एसडीएफ ने दो वित्तपोषण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इन समझौतों में एक वर्ष के लिए 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर के सऊदी अरब से तेल आयात का भुगतान स्थगित करना और 4.1 करोड़ डॉलर की लागत से मनसेहरा में गुरुत्व प्रवाह जल आपूर्ति योजना का निर्माण शामिल है। इस महत्वपूर्ण समझौते पर आर्थिक मामलों के सचिव और सऊदी विकास कोष के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सऊदी राजदूत नवाफ बिन सईद अल-मलकी भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बयान में कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज ने तेल आयात वित्तपोषण सुविधा पर हस्ताक्षर का स्वागत किया है।

## किसी भी खतरे के कारण कंपनी का कारोबार समेटने का नहीं कर रहे निर्णय: हिंडनबर्ग रिसर्च

**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी अनुसंधान एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च के संस्थापक नैट एंडरसन ने हाल ही में अपनी कंपनी के कारोबार पर किए गए आरोपों का सामना किया। इस घटना ने उद्योग दुनिया में छाई अर्थव्यवस्था के बीच एक नया सवाल उठाया है। एंडरसन ने ऐलान किया कि वे किसी भी कानूनी या अन्य खतरे के कारण कंपनी का कारोबार समेटने का निर्णय नहीं कर रहे हैं। उन्होंने अदाणी समूह पर विभिन्न आरोप लगाने वाली रिपोर्ट के समर्थन में सभी निर्धारित संकेतों पर जानकारी ली। इस संकेतक में समूह पर अदाणी के खिलाफ कॉर्पोरेट इतिहास की सबसे बड़ी धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। इसके परिणामस्वरुप समूह की कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में 150 अरब अमेरिकी डॉलर की गिरावट आई थी। हालांकि, अदाणी समूह ने इन आरोपों का खंडन किया था। एंडरसन ने ओसीसीआरपी और जॉर्ज सोरोस के साथ मिलकर कथित भारत विरोधी समूहों के खिलाफ किए जाने वाले प्रयासों को मूर्खतापूर्ण षड्यंत्र बताया। उन्होंने अपनी नीति में लम्बे समय से लगातार कहा है कि वे ऐसे षड्यंत्रवाद को प्रोत्साहन की भूमिका नहीं खेल रहे हैं। एंडरसन ने कहा कि उन्होंने कई कंपनियों के खिलाफ धोखाधड़ी करने की आरोपी रिपोर्टें पेश की हैं लेकिन हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बावजूद वे किसी भी परिणाम की ज़िम्मेदारी नहीं लेना चाहते। इन हालातों में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के मुद्दों पर मंथन चल रहा है। एंडरसन ने अपने विचारों में भारत की क्षमता का सम्मान किया और बाजार को पारदर्शिता और मजबूत कॉर्पोरेट प्रशासन के साथ एक एम्बेसडर के रूप में देखा।

# शेयर बाजार भारी उछाल के साथ बंद , सेंसेक्स 1397 ऊपर आया, निफ्टी 378 अंक बढ़ा

### निवेशकों को पांच लाख करोड़ रुपये का लाभ

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को भारी उछाल के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से आई है। इसके अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के मैक्सिको और कनाडा पर लगाये जाने वाले प्रस्तावित टैरिफ शुल्क को 30 दिनों के लिए रोकने के फैसले से भी बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा, उसे भारतीय बाजार पर भी अच्छा प्रभाव पड़ा। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1397.07 अंक करीब 1.81 फीसदी ऊपर आकर 78,583.81 पर बंद हुआ।

वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 378.20 अंक तकरीबन 1.62 फीसदी बढ़त के साथ ही 23,739.25 पर बंद हुआ। वहीं गत कारोबारी सत्र में बाजार गिरावट पर बंद हुआ था।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में एलएंडटी का शेयर सबसे ज्यादा लगभग 5 फीसद ऊपर आकर बंद हुआ। अदाणी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्रा सीमेंट, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक, कोटक बैंक, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, इन्फोसिस के शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान पर रहे।

जानकारी के अनुसार अमेरिकी सरकारक के मैक्सिको और कनाडा पर टैरिफ शुल्क को 30 दिनों के लिए रोकने के फैसले से दुनिया भर के बाजारों में तेजी रही जिसका प्रभाव भारतीय बाजार पर भी पड़ा। इसके साथ ही

कुछ बड़ी स्टॉक्स में खरीदारी से भी बाजार में उत्साह आया। इसके अलावा सभी प्रमुख सेक्टर एनर्जी, बैंकिंग और मेटल में बढ़त से भी बाजार को लाभ मिला।

आज बाजार में उछाल के कारण बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़कर 425,04,589 करोड़ रुपये हो गया। वहीं गत दिवस ये 420,31,299 करोड़ रुपये था। इस हिसाब बीएसई में लिस्टेड सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4.73 लाख करोड़ रुपये बढ़ा है।




जिससे निवेशकों को 5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का लाभ हुआ। इससे पहले आज सुबह बाजार मजबूती के साथ खुले। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के मैक्सिको और कनाडा पर प्रस्तावित टैरिफ को 30 दिनों के लिए रोकने के फैसले से शेयर बाजार ने राहत की सांस ली है। ट्रंप ने शनिवार को कनाडा और मैक्सिको से आने वाले सामानों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। सेंसेक्स मंगलवार को 500 अंक चढ़कर 77,687 पर खुला। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी50 में भी रिकवरी देखने को मिली। सुबह शुरुआते में यह 169 अंक की बढ़त लेकर 23,530.10 पर कारोबार कर रहा था।

# इंडिगो एयरलाइंस में शुगर पेशेंट को समय पर नहीं मिला भोजन

### - एम्स दिल्ली के एक डॉक्टर ने इंडिगो एयरलाइंस पर गंभीर आरोप लगाए

**नई दिल्ली ।**

एम्स दिल्ली के एक डॉक्टर ने इंडिगो एयरलाइंस पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसमें उन्होंने बताया कि उन्हें भोजन की अवहेलना की गई और उनकी सेहत पर ध्यान नहीं दिया गया। केबिन क्रू ने बार-बार यह बताने पर भी समय पर खाना नहीं दिया कि वे शुगर पेशेंट हैं और उनके लिए भोजन बहुत जरूरी है। डॉ. दत्ता ने बताया कि उन्हें बिना विवरण दिए विमान से उतार दिया गया जबकि उनके लिए भोजन जरूरी था। उन्होंने इस मामले को लेकर राष्ट्रीय उपभोक्ता फोरम के पास भी जाने की योजना बनाई है। डॉक्टर दत्ता ने सोशल मीडिया पर अपने अनुभव को साझा करते हुए इंडिगो एयरलाइंस से यात्रा न करने की भी सलाह दी है। उन्होंने उदाहरण के रूप में बताया कि उन्हें उनकी सेहत और भोजन की अवहेलना की गई, जो एक गंभीर समस्या हो सकती है। डॉ. दत्ता ने इस घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि उन्हें सही समय पर भोजन नहीं मिला और उनकी सेहत पर ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने इस मामले को जांचने की मांग की है और इस पर कार्रवाई की जाए। डॉ. दत्ता ने बताया कि उन्हें बॉर्डरलाइन हाई शुगर की समस्या है. इसी कारण उन्होंने फ्लाइट के लिए पहले से सैंडविच बुक किया था ताकि समय पर खाना मिल सके. फ्लाइट दोपहर 3:30 बजे टेक-ऑफ हुई, लेकिन भोजन समय पर नहीं परोसा गया। जब क्रू उनके पास पहुंचा तो बताया गया कि बेंगलुरु




में किसी समस्या के कारण उनके भोजन में देरी हो सकती है। डॉ. दत्ता ने अपनी पोस्ट में लिखा, करीब आधे घंटे इंतजार के बाद मैंने विनम्रता से पूछा कि क्या कोई समस्या है, एक क्रू मेंबर ने कहा कि कोई अन्य सहकर्मी भोजन परोसेगा, लेकिन इसके बाद भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। मुझे नजरअंदाज किया जा रहा था।

## ओयो प्रीमियम होटल की ब्रिटेन में पांच करोड़ पाउंड निवेश करने की योजना

**नई दिल्ली ।**

आतिथ्य क्षेत्र की कंपनी ओयो ने मंगलवार को कहा कि वह अगले तीन वर्ष में ब्रिटेन में पांच करोड़ पाउंड (539.57 करोड़ रुपये) निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी मुख्य रूप से अपने प्रीमियम होटल खंड का कारोबार बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगी। ओयो ने बयान में कहा कि इस निवेश से अगले तीन वर्षों में ब्रिटेन के आतिथ्य क्षेत्र में 1,000 नौकरियों के अवसर मिलेंगे। एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बदलाव के तहत ओयो सक्रिय रूप से अपने ब्रिटेन खंड के प्रीमियमीकरण पर काम कर रही है। ब्रिटेन की निवेश मंत्री ने कहा कि प्रीमियम होटलों में ओयो का निवेश न केवल हमारे पर्यटन बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा, बल्कि हमारी महत्वाकांक्षी शोकेस ब्रिटेन पहल को भी समर्थन देगा। इससे हमारी परिवर्तन योजना के तहत आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने में भी मदद मिलेगी। ब्रिटेन में ओयो के कंट्री हेड ने कहा कि ओयो ने 2018 में एक ऐसे मॉडल का लाभ उठाते हुए ब्रिटेन के बाजार में प्रवेश किया था जो अन्य वैश्विक बाजारों में सफल साबित हुआ है।

# चैंपियन्स ट्रॉफी में भारतीय टीम की जीत के लिए विराट और रोहित का फार्म में होना जरुरी : रैना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेट सुरेश रैना ने कहा है कि अगर कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली फार्म में आते हैं तो भारतीय टीम को लाभ होगा। रैना के अनुसार भारतीय टीम की सफलता के लिए इन दोनो को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। ये दोनो ही पिछले कुछ समय से रन बनाने में विफल रहे हैं। रैना के अनुसार विराट कोहली भले ही पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हों पर उनका फॉर्म आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की सफलता के लिए जरुरी होगा। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से पाकिस्तान में शुरू होगी और नौ मार्च तक चलेगी। भारतीय टीम इसमें अपने मुकाबले हाइब्रिड मॉडल समझौते के अनुसार दुबई में खेलेगी। रैना ने कहा, 'रोहित का स्ट्राइक रेट 2023 में एकदिवसीय विश्व कप के बाद काफी सुधरा है। तब से उन्होंने 119-120 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं जिससे वह भारत के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय बल्लेबाजों में से एक बन गए हैं। रोहित और विराट के लिए मैं कहूंगा कि जब आपके पास पिछले अच्छे प्रदर्शनों का मजबूत रिकॉर्ड होता है तो यह आपको बहुत आत्मविश्वास देता है। वे एक-दूसरे का अच्छा साथ देते हैं और दोनों में बड़ी पारियां खेलने का कौशल है। अगर वे अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के अभियान को बहुत फायदा होगा। टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में भारत को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। वहीं रैना ने कहा, 'मुझे लगता है कि स्पिन ऑलराउंडर के तौर पर रविंद्र) जडेजा निश्चित रूप से खेलेंगे क्योंकि वनडे में वह काफी प्रभावी हैं। कुलदीप यादव ने चोट के बाद से कोई मैच नहीं खेला है लेकिन हमारे पास अक्षर पटेल भी है जो लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। दुबई की पिचों पर तेज गेंदबाजों को मूवमेंट मिलेगा लेकिन स्पिन गेंदबाज भी अहम भूमिका निभाएंगे इसलिए कुलदीप, अक्षर और जडेजा को शीर्ष फॉर्म में होना चाहिए।।

# आईपीएल 2025: एक बार फिर कप्तानी संभालेंगे विराट कोहली!



**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल में विराट कोहली लंबे समय तक आरसीबी के कप्तान रहे। कोहली के बाद फाफ डु प्लेसिस ने टीम की कप्तानी संभाली लेकिन फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिलीज कर दिया, जिसके बाद लगातार एक ही सवाल है कि आरसीबी की कप्तानी अब कौन निभाएगा? वहीं कयास लगाए जा रहे हैं कि विराट कोहली एक बार फिर आरसीबी की कप्तानी संभालेंगे। अब इस सवाल पर फ्रेंचाइजी ने बड़ा अपडेट दिया है। आरसीबी के वाइस प्रेसीडेंट और हेड राजेश मेनन ने अपने इंटरव्यू में कई पहलुओं पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

स्पोर्ट्स तक के साथ एक इंटरव्यू में राजेश मेनन ने कहा कि हमारा कप्तान कौन होगा? इस पर अब तक हमने कोई फैसला नहीं किया है, लेकिन हमारी टीम में कई कप्तान बनने के काबिल हैं। कम से कम 4-5 ऐसे खिलाड़ी हैं जो हमारी टीम की अगुवाई कर सकते हैं। हमने किस पर विचार-विमर्श नहीं किया है कि हमें क्या करने की जरूरत है, हम विचार विमर्श करेंगे और किसी नतीजे पर पहुंचेंगे। लेकिन मैं चाहूंगा कि हमारी टीम के सबसे कामयाब कप्तान विराट कोहली रहे हैं, उन्होंने 143 मैचों में हमारी टीम को लीड किया, जिसमें हम 66 मुकाबले जीते, जबकि 70 में हार झेलनी पड़ी।

पिछले दिनों आईपीएल मेगा ऑक्शन में आरसीबी ने फिल सॉल्ट, लियम लिविंगस्टोन, जैकब बैथल, टिम डेविड, भुवनेश्वर कुमार, जितेश शर्मा, देवदत्त पडिक्कल और जोश हेजलवुड जैसे खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ा। इस पर राजेश ने कहा कि आप हमारे खिलाड़ियों को देखें... दरअसल हम पहले से तैयार थे। किस किस खिलाड़ी को खरीदना है। हमारे भारतीय खिलाड़ी कौन होंगे और विदेशी कौन होंगे, इसके लिए हमारी मानसिकता काफी साफ थी।

# वरुण को चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए शामिल किया जाना चाहिये : अश्विन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में वरुण चक्रवर्ती को शामिल किया जाना चाहिये। भारतीय बोर्ड बीसीसीआई ने हालांकि चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है पर इसमें वरुण का नाम नहीं है। ऐसे में अश्विन का मानना है कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में बदलाव होना चाहिए। अश्विन ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले वरुण चक्रवर्ती चैम्पियंस ट्रॉफी में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने भारतीय टीम में 5 स्पिनर रखने को कहा है।

अश्विन ने कहा, हम सभी इस बारे में बात कर रहे हैं कि क्या चैंपियंस ट्रॉफी टीम में वरुण को होना चाहिए था। मुझे लगता है कि उनके वहां होने की संभावना है। मुझे अब भी लगता है कि वह इसमें शामिल हो सकते हैं क्योंकि सभी टीमों ने केवल एक शुरुआती टीम का चयन किया है। इसमें अभी बदलाव संभव है। साथ ही कहा कि इस टीम में अगर कोई तेज गेंदबाज बाहर जाता है और वरुण को जगह मिलती है। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 6 फरवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में खेलेगी। अश्विन का कहना है कि यह चयन समिति के लिए वरुण को आजमाने का अच्छा अवसर रहेगा। वरुण ने हालांकि अब तक अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट नहीं खेला पर घरेलू स्तर पर उनका प्रदर्शन शानदार रहा है।

अश्विन ने कहा, मुझे लगता है कि वरुण को भारत और इंग्लैंड के बीच एकदिवसीय सीरीज में खेलने का मौका मिल सकता है। मुझे नहीं लगता कि उन्हें सीधे चैंपियंस ट्रॉफी में ले जाना आसान फैसला होगा। उन्होंने एकदिवसीय नहीं खेले हैं। मुझे लगता है कि वे उन्हें भारत और इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में अवसर मिलेगा।

# करुणारत्ने 100वां टेस्ट खेलने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगे



**गाले (एजेंसी)।** श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान दिमुथ करुणारत्ने गुरुवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले अपने 100 वें टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। 36 वर्षीय करुणारत्ने ने अपने लगभग 14 वर्षों के अंतरराष्ट्रीय करियर में अभी तक 99 टेस्ट मैचों में करीब 40 की औसत से 7,172 रन बनाए हैं, जिसमें 16 शतक और 34 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 50 एकदिवसीय मैचों में भी एक शतक और 11 अर्द्धशतक के साथ 1,316 रन बनाए हैं।

बल्लेबाज करुणारत्ने ने कहा, 'एक टेस्ट खिलाड़ी के लिए एक साल में केवल चार टेस्ट खेलने और अपनी फॉर्म बनाए रखने के लिए खुद को प्रेरित आसान नहीं होता है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप) शुरू होने के बाद पिछले दो-तीन वर्षों में हमने बहुत कम द्विपक्षीय सीरीज खेली हैं। मेरी वर्तमान फॉर्म, मेरे 100 टेस्ट मैच पूरे करना और विश्व टेस्ट चैम्पियनपशिप के वर्तमान चक्र (2023-25) का पूरा होना भी अन्य कारण हैं। मुझे लगा कि संन्यास लेने का यह सही समय है। उन्होंने 2008 में सिंहली स्पोर्ट्स क्लब (एसएससी) की तरफ से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने कहा, 'मेरी अपनी कुछ निजी योजनाएं हैं। मैंने एंजेलो मैथ्यूज और दिनेश चांडीमल जैसे अन्य सीनियर खिलाड़ियों से बात करने के बाद ही संन्यास लेने का फैसला किया है।

करुणारत्ने अब अपने परिवार के साथ ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे।

# सैमसन उंगली में फ्रैक्चर के कारण एक माह से अधिक समय तक खेल से दूर रहेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन उंगली में फ्रैक्चर के कारण अगले एक से डेढ़ माह के लिए भारतीय टीम से बाहर हो गये हैं। सैमसन को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 मैच के दौरान जोफ्रा आर्चर की एक गेंद लगी थी। एक रिपोर्ट के अनुसार उन्हें खेल में वापसी करने में 5 से 6 सप्ताह तक लगेंगे।

एक रिपोर्ट के अनुसार सैमसन अपने घर तिरुवनंतपुरम लौट गए हैं और नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में रिहैब के बाद ट्रेनिंग के लिए लौटेंगे। उन्हें टीम में वापसी के लिए फिटनेस टेस्ट में पास होना होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार सैमसन को नेट्स में वापसी करने में अभी एक माह से अधिक लगेगा। इससे साफ है कि वह 8 फरवरी से जम्मू और कश्मीर के खिलाफ केरल के लिए रणजी क्वार्टरफाइनल मैच से बाहर रहेंगे। वह अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स के लिए ही खेलते हुए दिखेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें मैच में पारी की शुरुआत में सैमसन ने एक छक्का लगाया था पर आर्चर की तीसरी गेंद पर सैमसन के दस्ताने पर गेंद लगी और उन्हें फिजियो को बुलाना पड़ा।




# एकदिवसीय सीरीज में इंग्लैंड पर भारी पड़ी है भारतीय टीम

मुम्बई (ईएमएस)। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम अब इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में जीत के इरादे से उतरेगी। चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले होने वाली ये सीरीज बेहद अहम मानी जा रही है। इससे दोनो ही टीमों को लय हासिल करने का अवसर मिलेगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय टीम का पलड़ा भारी नजर आता है। दोनो ही टीमों के बीच अब तक 21 एकदिवसीय सीरीज हुई हैं जिसमें से भारतीय टीम ने 10 जबकि इंग्लैंड ने 7 सीरीज जीती हैं। भारतीय टीम ने साल 1990 में मोहम्मद अजहरुद्दीन, साल 2014 में महेंद्र सिंह धोनी और साल 2022 में रोहित शर्मा की कप्तानी में जीत हासिल की थी। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला एकदिवसीय मैच 13 जुलाई 1974 को लीड्स में हुआ था, जहां इंग्लैंड ने 4 विकेट से जीत दर्ज की थी। भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पहली एकदिवसीय सीरीज जीत 1981 में मिली थी। दोनो ही टीमों के बीच अब तक 107 मैच हुए हैं। इसमें भारतीय टीम ने 58 मैच जीते हैं जबकि इंग्लैंड ने 44 मैच जीते हैं। वहीं तीन मैचों का कोई परिणाम नहीं आया। दो मैच टाई रहे। भारतीय टीम ने साल 2008 में राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ पांच विकेट पर 387 रन बनाये थे। वहीं /5 रन बनाए। वहीं साल 2022 मे भारतीय टीम ने सबसे कम 110 रनों पर आउट कर दिया था।

# शिवम और सूर्यकुमार रणजी ट्रॉफी क्वार्टरफाइनल खेलेंगे



मुम्बई । भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर शिवम दुबे भी अब रणजी ट्रॉफी में मुंबई की ओर से खेलने उतरेंगे। सूर्यकुमार और शिवम दोनो को ही इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम में जगह नहीं मिली है। ऐसे में सूर्यकुमार और शिवम दोनों को ही 8 फरवरी से हरियाणा के खिलाफ होने वाले क्वार्टरफाइनल मुकाबले के लिए मुम्बई टीम में शामिल किया गया है। मुंबई ने एलीट ग्रुप ए में 29 अंकों के साथ ही दूसरा स्थान हासिल किया है। टीम अपने अंतिम ग्रुप-स्तर के मैच में मेघालय पर बोनस अंक से जीत हासिल कर नॉकआउट में जगह बनायी है। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में कप्तान सूर्यकुमार का बल्ला खामोश रहा था। ऐसे में उनका लक्ष्य रणजी में रन बनाना रहेगा। पांच मैच में वह केवल 28 रन ही बना पाये थे। वहीं शिवम ने टी20 सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया जिसे वह बनाये रखना चाहेंगे। मुम्बई टीम इस प्रकार है :

अजिंक्य रहाणे (कप्तान), आयुष म्हात्रे, अंकृष रघुवंशी, अमोघ भटकल, सूर्यकुमार यादव, सिद्धेश लाड, शिवम दुबे, आकाश आनंद (विकेटकीपर), हार्दिक तामोरे (विकेटकीपर), सूर्यांश शेडगे, शार्दुल ठाकुर, शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, मोहित अवस्थी, सिल्वेस्टर डिसूजा, रॉयस्टन डायस, अथर्व अंकोलेकर और हर्ष तन्ना।

# एक श्रृंखला पूरी टीम की लय को परिभाषित नहीं करती : शुभमन गिल

**नागपुर (एजेंसी)।** भारतीय एकदिवसीय टीम के उपकप्तान शुभमन गिल ने ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला में हार को लेकर टीम के प्रदर्शन का बचाव करते हुए कहा कि एक खराब श्रृंखला टीम को परिभाषित नहीं करती है और लंबे अंतराल के बाद इस तरह के खराब प्रदर्शन के बाद किसी टीम की आलोचना करना अनुचित है।

भारत को ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की श्रृंखला में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। टीम का इस परिणाम से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में एक दशक पुराना दबदबा खत्म हो गया। रोहित शर्मा, विराट कोहली, लोकेश राहुल, ऋषभ पंत और खुद गिल जैसे प्रमुख खिलाड़ी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दुबई जाने से पहले अब इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम में लौटने के लिए तैयार हैं।



गिल ने यहां पत्रकारों से कहा, 'एक श्रृंखला पूरी टीम की लय को परिभाषित नहीं करती है। ऐसे कई खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अतीत में कई श्रृंखलाओं और टूर्नामेंटों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। इसमें कोई शक नहीं कि हम ऑस्ट्रेलिया में अपनी उम्मीदों के मुताबिक खेलने में विफल रहे। हमने हालांकि कुछ अच्छा क्रिकेट भी खेला। टीम को उस दौरे के आखिरी दिन किस्मत का साथ नहीं मिला क्योंकि (जसप्रीत) बुमराह चोटिल थे। हम अगर वह मैच जीतते तो श्रृंखला बराबरी पर छूटती और हम ट्रॉफी को अपने पास बरकरार रखते। ऐसे में अभी इस तरह की बातें नहीं हो रही होती।'

दाएं हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने कहा, 'एक मैच एक दिन किसी को परिभाषित नहीं करते है। हम वहां (ऑस्ट्रेलिया) दो बार जीते है। हम पिछले कुछ समय में एक विश्व कप जीते है और एक अन्य विश्व कप के फाइनल में पहुंचे है। हम इस तरह के परिणाम को दिमाग में रखना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया में निराशाजनक हार से पहले भारतीय टीम को न्यूजीलैंड ने घरेलू श्रृंखला में 3-0 से करारी शिकस्त दी थी। यह पहली बार था जब किसी टीम ने भारत का उसके घरेलू मैदान पर 3-0 से सूपड़ा साफ किया था।

# डब्ल्यूपीएल के लिए यूपी वॉरियर्स और आरसीबी ने किये बदलाव




नई दिल्ली । इसी माह 14 फरवरी से बड़ोदरा में शुरू होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चोटिल खिलाड़ियों की जगह पर यूपी वारियर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अन्य खिलाड़ियों को शामिल किया है। यूपी वारियर्स ने ऑस्ट्रेलिया की चोटिल एलिसा हीली की जगह पर वेस्टइंडीज की चिनेले हेनरी को अपनी टीम में शामिल किया है। हीली पैर की चोट के कारण डब्ल्यूपीएल के तीसरे सत्र से बाहर हो गयी हैं। हेनरी ने वेस्टइंडीज की ओर से अभी तक 62 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 473 रनों के साथ ही 22 विकेट भी लिए हैं। वॉरियर्स ने 30 लाख रुपए के आधार मूल्या पर उन्हें अपनी टीम में शामिल किया है। वहीं गत चैंपियन आरसीबी ने निजी कारणों से नाम वापस लेने वाली सोफी डिवाइन और केट क्रॉस की जगह पर हीथर ग्राहम और किम गार्थ को 30-30 लाख रुपए के आधार मूल्य पर शामिल किया है। डिवाइन ने खेल से लंबे समय तक के लिए ब्रेक लिया है। वहीं इंग्लैंड की ऑलराउंडर केट अभी तक पीठ की चोट से नहीं उबरी हैं। इनकी जगह पर शामिल ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर हीथर ने पांच टी20 मैच खेले हैं और आठ विकेट लिए हैं। वहीं किम ने 56 वनडे और चार टेस्ट के अलावा 59 टी20 खेले हैं। वह इससे पहले पहले गुजरात जॉइंट्स की तरफ से खेली हैं।

# टाटा स्टील शतरंज: गुकेश को हराने के बाद प्रज्ञानानंदा ने कहा, यह लंबा और अजीब दिन

**विज्क आन जी (नीदरलैंड) (एजेंसी)।** ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रज्ञानानंदा ने आठ घंटे के विश्व स्तरीय प्रदर्शन वाले इस तरह के 'अजीब दिन' की कल्पना नहीं की थी जिसके बाद उन्होंने मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराकर अपना पहला टाटा स्टील शतरंज खिताब जीत लिया। प्रज्ञानानंदा ने मुकाबले के बाद कहा, ''यह बहुत लंबा था, करीब आठ घंटे, पहली बाजी ही लगभग साढ़े छह घंटे तक चली और फिर ब्लिट्ज बाजी, यह एक अजीब दिन था।'' उन्होंने इस जीत के प्रभाव के बारे में कहा, ''शतरंज की दुनिया में यह एक बहुत ही खास प्रतियोगिता है और मैंने बड़े होते हुए इस टूर्नामेंट के मुकाबले देखे हैं।''

भारतीय ग्रैंडमास्टर ने कहा, ''मुझे लगता है कि मेरे खेल में यह दिखा कि मैं सभी बाजियों में लड़ने की कोशिश को लेकर काफी महत्वाकांक्षी था इसलिए हमने कई नतीजे वाली बाजियां देखीं।'' प्रज्ञानानंदा ने छह बाजी जीती और पांच ड्रॉ खेली। उन्हें दो बाजियों में हार का सामना करना पड़ा। अपनी भविष्य की



योजनाओं के बारे में प्रज्ञानानंदा ने कहा कि वह प्राग मास्टर्स में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

उन्होंने कहा, ''मुझे पता था कि पिछले छह महीनों में क्या गलत हुआ और मुझे पता था कि मुझे किस चीज पर काम करने की जरूरत है। मैं इसमें बेहतर होने की कोशिश करता रहूंगा। मैंने इस टूर्नामेंट के लिए (अपने खेल में) कुछ चीजें बदली और यह काम कर गया।'' टाईब्रेकर की शुरुआती दो बाजियों में से प्रज्ञानानंदा ने एक गंवाई और फिर दूसरी बाजी जीती। उन्होंने कहा कि उन्हें पहली बाजी ड्रॉ करानी चाहिए थी। दूसरी बाजी में गुकेश अच्छी स्थिति में थे लेकिन धीरे-धीरे वह पिछड़ गए।

तीसरी और निर्णायक बाजी में प्रज्ञानानंदा ने फिर से अपने सफेद मोहरों के साथ रक्षात्मक रुख अपनाया लेकिन फिर कुछ अच्छे मूव बनाए और गुकेश इसके बाद अति महत्वाकांक्षी हो गए और संभवत- ड्रॉ होने वाली बाजी को हार गए। जर्मनी के विन्सेंट कीमर के खिलाफ गंवाई बाजी में अपनी गलतियों के बारे में बात करते हुए प्रज्ञानानंदा ने स्वीकार किया कि उन्होंने कुछ अजीबोगरीब हरकतें कीं। उन्होंने कहा, ''मुझे वह स्थिति (बीच के समय का खेल) पसंद थी और फिर मैंने कुछ अजीबोगरीब हरकतें करनी शुरू कर दीं। इस समय मैंने देखा कि गुकेश हार गया है लेकिन फिर मैं इस स्थिति में बैठकर और इंतजार करने के अलावा कुछ नहीं कर सकता था। मैं हार नहीं मान सकता, मैं कोई चाल नहीं चल सकता था। मुझे बस इंतजार करना था और पीड़ा सहनी थी। यह बहुत निराशाजनक था।

# रणजी में एलीट ग्रुप से आगे नहीं बढ़ पा रही बिहार क्रिकेट टीम



पटना । बिहार क्रिकेट टीम रणजी के लिए मान्यता मिलने के आठ साल बाद भी एलीट ग्रुप से आगे नहीं बढ़ पा रही है। इस सत्र में भी उसका प्रदर्शन खराब रहा है। एलीट ग्रुप में केरल के खिलाफ खेलते हुए बिहार की टीम कुछ ही घंटों में आउट हो गयी। मैच में मिली हार से वह एक बार फिर वापस टीम रणजी के प्लेट ग्रुप में पहुंच गई है। पिछल सत्र में भी बिहार एलीट ग्रुप में ही रही थी। साल 2018 में बिहार टीम रणजी में मान्यता मिलने के बाद प्लेट ग्रुप में चैम्पियन बनी और उसे एलीट ग्रुप में जगह मिली। उसे रणजी की बड़ी टीमों के साथ खेलने का मौका मिला पर उसका प्रदर्शन ठीक नहीं रहा। बिहार को सात मैचों में से पांच में पारी की हार और एक में आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। केरल के खिलाफ अंतिम मैच में भी बिहार ने प्रयोग करते हुए चार नए क्रिकेटरों को अंतिम ग्यारह में शामिल किया था पर उसकी हार नहीं टली। रणजी के इस सीजन में बिहार की टीम को हरियाणा से एक पारी और 43 रन, मध्य प्रदेश से एक पारी और 108 रन और पंजाब से एक पारी और 67 रन, उत्तर प्रदेश से एक पारी और 119 रन, केरल से एक पारी और 169 रन और कर्नाटक से आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। बंगाल के खिलाफ मैच में बारिश के कारण बिहार को केवल एक मात्र अंक मिला। लगातार कई मैचों में पारी से हारने की वजह से बिहार का कोसेंट 0.3 रहा जो सभी टीमों से कम रहा। उसके बल्लेबाज और गेंदाबाज किसी भी मैच में प्रभावित नहीं कर पाये।

# आगे भी निडर होकर आक्रामक क्रिकेट खेलती रहेगी भारतीय टीम : गंभीर

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि उनकी टीम का लक्ष्य आने वाले टी20 मैचों में भी 250 से अधिक रन बनाना रहेगा। गंभीर के अनुसार टीम अच्छे परिणाम के लिए हार का डर छोड़ते हुए निडर होकर खेलती रहेगी। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टी20 श्रृंखला में ज्यादा जोखिम उठाते हुए आक्रामक अंदाज में खेला जिससे उसे लाभ भी हुआ। यही कारण रहा कि टीम


पुणे में खेले गए चौथे मैच में लगातार विकेट खोने के बाद भी तेजी से खेलते हुए अंत में 9 विकेट पर 181 रन बनाये थे। मुंबई में पांचवें मैच में टीम ने 9 विकेट पर 247 रन बना दिये। गंभीर ने कहा, 'हम टी20 क्रिकेट में इसी तरह से खेलना चाहते हैं। हम हार से नहीं डरना चाहते हैं। हम अधिक जोखिम अधिक इनाम वाली क्रिकेट खेलना चाहते हैं। हमारे खिलाड़ियों ने इस रवैए को अच्छी तरह से सीख लिया है।

भारतीय कोच ने कहा कि उनका लक्ष्य टी20 क्रिकेट में नियमित रूप से 250 के आसपास का स्कोर बनाना है भले ही इसके प्रयास में टीम को कुछ अवसरों पर हार का भी सामना करने पड़े। गंभीर ने कहा, 'हम नियमित रूप से 250-260 के स्कोर तक पहुंचने का प्रयास कोशिश करना चाहते हैं। ऐसा करने की कोशिश में कुछ ऐसे मैच भी होंगे जहां हम 120-130 पर आउट हो सकते हैं। यही टी20 क्रिकेट है। उन्होंने कहा, 'जब तक आप अधिक जोखिम वाला क्रिकेट नहीं खेलते हैं तब तक आपको उतनी जीत भी नहीं मिलती। सबसे अहम येये है कि हम सही रास्ते पर आगे बढ़ते जायें। हमारी टी20 टीम निस्वार्थ और निडर क्रिकेट खेलती है और मुझे लगता है कि पिछले छह महीनों में हमारे खिलाड़ियों ने लगातार अपने को साबित किया है। गंभीर ने कहा कि युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की 54 गेंदों में 135 रन की पारी से ये साबित होता है। उन्होंने कहा, 'हम अभिषेक जैसे खिलाड़ियों को अपने साथ बनाये रखेंगे। हमें इन खिलाड़ियों के मामले में धैर्य बनाये रखना होगा। मैंने लगातार 140-150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले गेंदबाजों के खिलाफ इससे बेहतर टी20 शतक नहीं देखा है। गंभीर ने अपने खेल में बदलाव करते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अच्छी वापसी करने के लिए स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की भी सराहना की। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि आईपीएल से लेकर अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में सफलता हासिल करने के लिए उन्होंने जो बदलाव किए वह अभूतपूर्व थे।



समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569

स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com


### रकुल प्रीत संग काम को लेकर बोलीं भूमि

# एक ही फिल्म में दो अभिनेत्रियां काम नहीं कर सकतीं...

**भूमि** पेडनेकर ने मेरे हसबैंड की बीवी फिल्म में रकुल प्रीत सिंह के साथ काम करने को लेकर अपनी राय साझा की है। उन्होंने बताया कि एक ही फिल्म में दो अभिनेत्रियां काम नहीं कर सकती हैं ये गलत नरेटिव है। बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने अपनी आगामी फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी में रकुल प्रीत संग काम करने को लेकर अपने विचार साझा किए हैं। उन्होंने कहा कि एक ही फिल्म में दो अभिनेत्रियां काम नहीं कर सकतीं ये बिल्कुल गलत नरेटिव है। बता दें इस फिल्म में भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह एक साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आने वाली हैं। फिल्म में अर्जुन कपूर भी मुख्य किरदार में हैं। भूमि ने बॉलीवुड फिल्मों में दो अभिनेत्रियों के एक साथ काम करने को लेकर अपनी टिप्पणी दी है।

## कॉमेडी फिल्म को लेकर कही ये बात

उन्होंने कहा, आमतौर पर महिला कलाकारों को कॉमेडी फिल्में करने का मौका नहीं मिलता। मुझे कॉमेडी फिल्में देखना बहुत पसंद है। इस फिल्म में दोनों महिला कलाकारों ने कॉमेडी को आगे बढ़ाया है, जैसा कि आप 90 के दशक में नंबर वन सीरीज की फिल्मों में देखते थे, जिसमें अभिनेत्रियां कॉमेडी करती थीं। इसलिए, हमने भी कुछ ऐसा ही किया है।

## रकुल प्रीत सिंह के लिए बोलीं भूमि

भूमि ने रकुल प्रीत सिंह के साथ फिल्म करने को लेकर भी अपनी बात सामने रखी। उन्होंने कहा, वह मेरी बहन जैसी हैं। उसकी शादी मेरे सबसे अच्छे दोस्त जैकी भगनानी से हुई है और अब वह मेरी सबसे करीबी दोस्तों में से एक बन गई है। यह कहा जाता है कि दो अभिनेत्रियां एक साथ  असुरक्षित हैं, हालांकि ये सच नहीं है और यह कुछ ऐसे पुरुषों द्वारा शुरू किया गया होगा जो खुद सुरक्षित नहीं हैं। हमारे बीच कुछ भी गलत नहीं है, बल्कि हमने फिल्म की शूटिंग में पूरी मस्ती की।

# सामंथा से लेकर शरवरी तक, बॉलीवुड में इस अभिनेत्रियों के एक्शन का बजता है डंका




बॉलीवुड जगत अपनी अलग-अलग कहानियों और शानदार फिल्मों के कारण चर्चा में बना रहता है। फिल्मी जगह की अभिनेत्रियां भी अक्सर अपनी अलग तरह की फिल्मों के कारण चर्चा में रहती हैं। राज एंड डीके की सीरीज 'रक्त ब्रम्हांड' में सामंथा रुथ प्रभु एक बार फिर अपने एक्शन अवतार में नजर आएंगी। सामंथा इस सीरीज में आदित्य रॉय कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। आइए आपको बताते हैं ऐसी कुछ अभिनेत्रियों के बारे में जो अपनी एक्शन फिल्मों के कारण चर्चा में रहीं।  सामंथा रुथ प्रभु अपनी फिल्म रक्त ब्रम्हांड के कारण चर्चा में हैं। इससे पहले वे ओटीटी पर रिलीज हुई फिल्म सिटाडेल हनी बनी में अपने एक्शन अवतार में नजर आईं थीं। सामंथा इस सीरीज में वरुण धवन के साथ एक्शन सीक्वेंस करती नजर आईं थीं।

## प्रियंका चोपड़ा




बॉलीवुड से हॉलीवुड में जाकर अपने करियर की अलग बुलंदी हासिल करने वाली प्रियंका चोपड़ा भी अपनी एक्शन फिल्मों के कारण चर्चा में रहती हैं। वे डॉन 2 (2011), अग्निपथ (2012) और कृष 3 (2013) में नजर आ चुकी हैं।

## शरवरी



शरवरी को फिल्म मुंज्या में देखा गया था। वे अब अपनी फिल्म अल्फा के कारण चर्चा में हैं। इस फिल्म में शरवरी का एक्शन अवतार नजर आ सकता है।

## आलिया भट्ट



फिल्म अल्फा में शरवरी के साथ आलिया भट्ट भी नजर आने वाली हैं। आलिया इससे पहले जिगरा में भी अपना एक्शन अवतार नजर आ चुकी हैं।

## दिशा पटानी



बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पटानी को भी उनके एक्शन अवतार के कारण जाना जाता है। वे इससे पहले बागी 2 (2018), मलंग (2020), कल्कि 2898 एडी (2024) फिल्मों में एक्शन सीन कर चुकी हैं।

## करीना कपूर खान



करीना कपूर भी बॉलीवुड में कई एक्शन फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। साल 2009 में रिलीज हुई फिल्म कुर्बान एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें करीना ने अवंतिका नाम की प्रोफेसर का रोल किया है। गब्बर इज बैक भी करीना के करियर की अहम थ्रिलर फिल्मों में से एक हैं।

# अभिनेत्री से राइटर बनीं हुमा कुरैशी



अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने अपनी अभिनय काबिलियत से खूब तारीफें बटोरी हैं। अब बतौर लेखक भी उन्होंने अपना सफर शुरु किया है। उन्होंने अपनी पहली किताब लॉन्च की है। अभिनय की दुनिया में अपनी प्रतिभा साबित करने के बाद हुमा कुरैशी ने अब लेखन की दुनिया में कदम रखा है। हाल ही में उन्होंने अपनी पहली किताब जेबाः एन एक्सीडेंटल सुपरहीरो लॉन्च की है। हुमा ने जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में यह किताब रविवार को लॉन्च की। इस दौरान अभिनेत्री ने बतौर लेखक अपनी यात्रा पर भी बात की।

## कोविड की वजह से ठप हुई योजनाएं

हुमा कुरैशी ने अपनी किताब लिखने की यात्रा को लेकर कहा कि शुरुआती योजना कहानी को फिल्म में बदलने की थी, लेकिन कोविड-19 महामारी ने उन योजनाओं को रोक दिया। हुमा ने कहा, मैंने 2019 में किताब लिखना शुरू किया था। 10-20 पेज लिखने के बाद मैंने इसे कुछ लोगों को दिखाया और सभी ने कहा कि यह एक अच्छा आइडिया है। ईमानदारी से कहूं तो जब मैंने इसे लिखना शुरू किया था, तो मेरा आइडिया इस पर एक फिल्म या कोई टेलीविजन शो बनाने का था, इसलिए मैंने उसी तरह से यह काम किया। फिर कोविड महामारी आ गई, इसलिए जो भी योजनाएं थीं, वे सब ठप हो गईं।


बोलीं- मैंने कई लोगों से लिखने को कहा

हुमा ने आगे कहा, फिर मैंने सोचना शुरू किया कि क्या मुझे इस पर एक स्क्रिप्ट लिखनी चाहिए या इसे एक ग्राफिक उपन्यास में बदलना चाहिए। मैंने इसे खुद लिखने के लिए काफी देरी की। मैंने कई लोगों से लिखने के लिए कहा, लेकिन वे सभी वापस आए और कहा कि आपको इसे लिखना होगा, क्योंकि केवल आप ही इसे लिख सकती हैं। और फिर मुझे लगभग दो साल लग गए और जो कुछ भी मैंने उस समय महसूस किया, मैं उसे किताब में बहुत ईमानदारी से पिरो पाई हूं।

## दो चीजें बहुत महत्वपूर्ण हैं

हुमा कुरैशी ने राइटिंग को एक दिलचस्प अनुभव बताया। हुमा ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक भावनात्मक प्रक्रिया थी। हुमा ने आगे कहा, मैं यह सलाह देती हूं कि अगर कोई किसी भी तरह की चिंता से जूझ रहा है, उसे लिखना चाहिए। यह किसी भी बात को पन्नों पर उतारने का एक शानदार तरीका है। हुमा ने बताया कि उन्के फिल्मी करियर ने किताब को शेप देने में किस तरह मदद की? हुमा के मुताबिक, मुझे लगता है कि किसी भी कलाकार के जीवन में दो चीजें बहुत महत्वपूर्ण होती हैं- सफलता और असफलता। सफलता से व्यक्ति बहुत कम सीखता है और असफलता से बहुत कुछ सीखता है। मुझे लगता है कि फिल्म इंडस्ट्री के पिछले दस साल मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण रहे हैं। आप लोगों ने मेरी सफलता देखी है। मेरे अच्छे और बुरे दिन देखे हैं।

# हैलो, मैं आमिर खान बोल रहा हूं, प्लीज आइएगा जरूर, जन्मदिन पर जुटेंगी पत्नियां और प्रेमिकाएं




**साल 2025 को यादगार बनाने के आमिर खान के पास और भी दस बहाने हैं। उनके बेटे जुनैद की सिनेमाघरों में रिलीज हो रही पहली फिल्म 'लवयापा' को लेकर उनके परिवार में खासा उत्साह है।**

हैलो, मैं आमिर खान बोल रहा हूं। आपको अपने जन्मदिन की पूर्व संध्या पर न्योता भेज रहा हूं। प्लीज, आइएगा जरूर! हिंदी सिनेमा के सितारों को अपने मोबाइल फोन पर जल्द ही ये आवाज सुनने को मिलने वाली है। कुछ को तो इसके बारे में पता चल ही चुका है क्योंकि सितारों की तारीखें बुक करने के लिए कम से कम दो-तीन महीने पहले से योजनाएं बनाना जरूरी होता है। आमिर 14 मार्च को 60 साल के हो जाएंगे और इस आंकड़े को छूने से पहले वह फिल्म जगत के उन सारे लोगों को शुक्रिया अदा करना चाहते हैं जिन्होंने उन्हें यहां तक पहुंचने में किसी न किसी तरह मदद की।

मोहम्मद आमिर हुसैन खान उर्फ आमिर खान अपने समय के दिग्गज फिल्म निर्माता ताहिर हुसैन के बेटे हैं। उनके चाचा नासिर हुसैन हिंदी सिनेमा के कामयाब फिल्म निर्देशक रहे। चचेरे भाई मंसूर खान ने आमिर को लेकर बतौर हीरो उनकी पहली फिल्म 'कयामत से कयामत तक' बनाई और उनकी आखिरी फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' का निर्देशन किया उनके लंबे समय तक सहायक रहे अद्वैत चंदन ने। अद्वैत अब आमिर के बेटे जुनैद की फिल्म 'लवयापा' का भी निर्देशन कर रहे हैं। 24 मार्च 1965 को जन्मे आमिर को भारत सरकार पद्मश्री और पद्म भूषण से सम्मानित कर चुकी है।

# लखनऊ में आलोक नाथ-श्रेयस तलपदे के खिलाफ एफआईआर दर्ज

## धोखाधड़ी से जुड़ा है मामला

लखनऊ के गोमती नगर पुलिस स्टेशन में एक्टर आलोक नाथ और श्रेयस तलपदे पर एफआईआर दर्ज की गई है। एक्टर्स पर कुछ निवेशकों के करोड़ रुपये ठगने का आरोप है। जानिए क्या है पूरा मामला। हाल ही में लखनऊ के गोमती नगर पुलिस स्टेशन में एक क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी के सदस्यों समेत 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इन लोगों में एक्टर आलोक नाथ और श्रेयस तलपदे भी शामिल हैं। एफआईआर में कहा गया है कि इन लोगों ने 45 निवेशकों से 9.12 करोड़ रुपये ठगे हैं।

**लखनऊ के अलावा हरियाणा में भी मामला दर्ज**

सिर्फ लखनऊ ही नहीं हरियाणा के सोनीपत में भी कुछ दिन पहले बॉलीवुड एक्टर आलोक नाथ और श्रेयस तलपदे के खिलाफ एक मामला दर्ज हुआ है। इन दो कलाकारों के अलावा 11 और लोगों पर मल्टी लेवल मार्केटिंग घोटाले का आरोप है और उन पर पुलिस में मामला दर्ज किया गया था। यह मामला एक कोऑपरेटिव सोसाइटी से जुड़ा है, जिसमें कई लोगों से करोड़ों रुपए लेकर कुछ लोग गायब हो गए। यह कोऑपरेटिव सोसाइटी पिछले छह साल से लोगों से पैसे वसूल रही थी लेकिन जब लोगों ने अपने पैसे वापस मांगे तो इसके संचालक फरार हो गए।

**श्रेयस-आलोक ने किया था प्रचार**

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एक्टर आलोक नाथ और श्रेयस तलपदे ने इस कोऑपरेटिव सोसाइटी की निवेश योजनाओं का प्रचार किया है। इस कोऑपरेटिव सोसाइटी के प्रोग्राम में सोनू सूद भी चीफ गेस्ट के तौर पर शामिल हुए।

**कई जगह कारोबार करती है ये कंपनी**

एफआईआर में हिसाब से ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी नाम की एक संस्था है, जिसने 16 सितंबर 2016 को हरियाणा और लखनऊ समेत कई राज्यों में अपना काम शुरू किया था। यह सोसायटी मध्य प्रदेश के इंदौर में रजिस्टर्ड थी और मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी एक्ट के तहत काम कर रही थी। इस सोसायटी ने निवेशकों को फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) और रेकरिंग डिपॉजिट (आरडी) योजनाओं में इंवेस्ट करने का ऑफर दिया जाता है, उन्हें अच्छी ब्याज दरों का लालच दिया जाता था। इस कंपनी की लगभग 250 से ज्यादा ब्रांच हैं। लेकिन इस कंपनी ने बाद में लोगों से धोखाधड़ी की, उनके पैसे लेकर गायब हो गए। इस कोऑपरेटिव सोसायटी से जुड़े एक एजेंट विपुल ने बताया कि उन्होंने 1,000 से अधिक खाते खोले हैं लेकिन इनमें से किसी भी खाते में अब तक पैसे नहीं आए हैं। इस सोसायटी की 250 से अधिक शाखाएं थीं और करीब 50 लाख लोग इससे जुड़े हुए थे।

# अभिजीत भट्टाचार्य ने उदित नारायण को कहा खिलाड़ी दोस्त, यूजर बोले- बड़े चालाक हो

**मशहूर** गायक उदित नारायण हाल ही में एक लाइव कॉन्सर्ट के दौरान अपनी महिला प्रशंसकों को चूमते दिखे। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। इसके बाद उदित नारायण को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। इस पर उदित नारायण सफाई भी दे चुके हैं। इस बीच उनके दोस्त व लोकप्रिय गायक अभिजीत भट्टाचार्य ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मजेदार अंदाज में टिप्पणी करते हुए उदित नारायण को खिलाड़ी कहा है।



**मेरा खिलाड़ी दोस्त, लव यू...**

अभिजीत भट्टाचार्य ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वे और उदित नारायण परफॉर्म करते नजर आ रहे हैं और गाना है मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी। इस वीडियो को शेयर करते हुए अभिजीत ने कैप्शन में हैशटैग के साथ लिखा है, ये खिलाड़ी मैं अनाड़ी। इसके अलावा उन्होंने कमेंट करते हुए लिखा है, मेरा खिलाड़ी दोस्त, सिक्सर पर सिक्सर, लव यू।

**यूजर बोले- ऐसा दोस्त दुश्मन को भी न मिले**

अभिजीत के इस वीडियो और उदित नारायण को खिलाड़ी कहे जाने पर नेटिजन्स उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, टाइम पर गाना लगाया, बड़े चालाक हो आप। एक यूजर ने लिखा, भगवान ऐसा दोस्त किसी दुश्मन को भी न दे। एक अन्य यूजर ने लिखा है, कैसे दोस्त हो आप? वीडियो पोस्ट करने के लिए क्या टाइमिंग चुनी है। एक यूजर ने लिखा,  वीडियो और मकसद।